हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, शुक्रवार, 30 मई 2025 अंक 224/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

● डॉ. श्री बालाजी तांबे (संतूलन आयुर्वेदिक)

● श्री स्वागत तोडकर ● तन्वी हर्बल क्लिनिक

इनकी दवाईयाँ उपलब्ध तथा Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

------ विशेष उपचार ------

वात, जोडों का दर्द, सुजन, लखवा, नसो में अकडन, हड्डीयों मे (Fluid Liquid) कम हो जाना, डायबिटीज से परेशान, B.P. (Heart) , पेट कि समस्या, पाईल्स, बालों की समस्या, समस्त स्त्री रोग, आदि सभी जटील रोगों पर विशेष उपचार।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

सभी प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कम्पनियो की दवाईयाँ तथा सभी प्रकारकी काष्ट औषधिया, दिव्य वनौषधी, जडीबुटीयाँ तथा उनके पावडर मिलने का विश्वषनिय स्थान।

# दिल्ली पुलिस ने किया पाक के जासूस को गिरफ्तार

## > पड़ोसी देश में ट्रेनिग तक ले चुका है कासिम



**नई दिल्ली.**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले लोगों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने चौकसी बढ़ा दी है. हिसार हरियाणा से शुरू हुए जासूसों की गिरफ्तारी का सिलसिला राजस्थान, महाराष्ट्र होते हुए अब दिल्ली तक आ पहुंचा है. गुरुवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी की पहचान कासिम के रूप में हुई है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पाकिस्तान में ट्रेनिंग तक ले चुका है.

बताया गया कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एनसीआर से लगे मेवात के डींग से कासिम को गिरफ्तार किया है. कासिम पाकिस्तान जा चुका है. ट्रेनिंग भी ले चुका है. शुरुआती जानकारी के अनुसार कासिम सेना से जुड़ी खुफिया जानकारी आईएसआई को देता था. हालांकि, ज्योति मल्होत्रा वाले केस से कासिम का कनेक्शन नहीं है. ससे पहले राजस्थान के जैसलमेर जिले से एक सरकारी कर्मचारी को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के संदेह में पकड़ा गया है. आरोपी कांग्रेस की पूर्व सरकार में मंत्री शाले मोहम्मद के निजी सहायक के रूप में काम करता था. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जैसलमेर के जिला रोजगार कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) के पद पर कार्यरत शकूर खान के मोबाइल में पाकिस्तान के कुछ फोन नंबर 'सेव' मिले हैं. खुफिया इकाई के सूत्रों ने बताया कि शकूर खान 2011 में अपने रिश्तेदारों से मिलने और धार्मिक स्थल पर जाने के लिए सात बार पाकिस्तान जा चुका है. आरोप है कि खान जैसलमेर से सुरक्षा संबंधी जानकारियां साझा करता था. जयपुर में केंद्रीय खुफिया एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं. कासिम का भाई आईएसआई का एजेंट था था, जो फरार चल रहा है. कासिम पिछले साल पाकिस्तान गया था और एक महीने वहां पर रुका था. इस एक महीने में उसने आईएसआई के लिए जासूसी की ट्रेनिंग पाकिस्तान में ली थी. वो तीनों सेना से जुड़ी जानकारियां दे रहा था. उसे आईएसआई ने काफी बारीकी से ट्रेनिंग दी थी. उससे कहा गया था कि अगर किसी सैन्य ठिकाने की फोटो लेना और वहां की गतिविधियों की नजर रखनी है.

### हिसार से शुरू हुई जासूसों की धरपकड़

• मालूम हो कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान से संपर्क रखने वाले लोगों पर नजर रखनी शुरू की. जिसके बाद हिसार हरियाणा से यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया. इसी बीच वाराणसी से भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है.

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आज यानी 29 मई 2025 को एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी कर रहा था. आरोपी का नाम कासिम है और ये राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला है.

पुलिस को पिछले साल सितंबर 2024 में जानकारी मिली थी कि कुछ भारतीय मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के ऑपरेटिव्स भारत में जासूसी के लिए कर रहे हैं. ये सिम कार्ड भारत से पाकिस्तान भेजे जा रहे थे, और इन्हीं नंबरों के जरिए व्हाट्सएप पर भारतीय लोगों से संपर्क कर गोपनीय जानकारी ली जा रही थी. खासकर सेना और अन्य सरकारी विभागों से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां. जांच के दौरान कासिम का नाम सामने आया. पता चला कि वो दो बार पाकिस्तान जा चुका है. पहली बार अगस्त 2024 में और दूसरी बार मार्च 2025 में. वहां वो करीब 90 दिन तक रुका और इस दौरान उसकी मुलाकात पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लोगों से भी हुई.

इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और फिलहाल कासिम पुलिस रिमांड में है. स्पेशल सेल की टीम अब उससे पूछताछ कर रही है, ताकि इस जासूसी रैकेट में शामिल बाकी लोगों का भी पर्दाफाश किया जा सके. दिल्ली पुलिस का कहना है कि ये मामला बेहद गंभीर है और इससे देश की सुरक्षा को सीधा खतरा हो सकता था. आगे की जांच जारी है.

## महाराष्ट्र के ठाणे से भी जासूसी के आरोप में एक गिरफ्तार



गुरुवार को ही महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में ठाणे से 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. अधिकारी ने बताया कि आरोपी मुंबई स्थित एक अहम संगठन के लिए काम करता था. उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी एजेंट ने महिला बनकर फेसबुक पर आरोपी के साथ दोस्ती की थी. वहीं, पुलिस ने 2 और लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है. अभी आरोपियों के नाम का खुलासा नहीं किया है.

# पीएम मोदी ने पटना में एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन किया



**पटना.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार की राजधानी पटना पहुंचे हैं. पटना दौरे पर पीएम ने बिहार को बड़ी सौगात दी. उन्होंने पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन किया है. ये टर्मिनल 1200 करोड़ रुपये की लागत से बना है. टर्मिनल के उद्घाटन के बाद एयरपोर्ट से बीजेपी दफ्तर तक के लिए पीएम का रोड शो शुरू हो चुका है. इसके लिए खास तैयारियां की गई हैं. सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच विशेष थीम वाला स्टेज बनाया गया है, जिससे 'ऑपरेशन सिन्दूर' और ब्रह्मोस मिसाइल की अनोखी झलक दिखाई दे रही है. राज्य की राजधानी में दूर-दूर से लोग पहुंचे हैं. एयरपोर्ट से बीजेपी दफ्तर की ओर जाने वाली सड़क पर लोग पीएम मोदी का स्वागत कर रहे हैं. पटना शहर 'भारत माता की जय' और 'मोदी-मोदी' के नारों से गूंज रहा है. जैसे-जैसे पीएम मोदी का रोड शो आगे बढ़ रहा है लोगों का उत्साह और भी बढ़ता जा रहा है. पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है. हाथ में तिरंगा लेकर लोग ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते दिख रहे हैं. सेना के शौर्य के लिए लोगों का सम्मान देखते ही बन रहा है. लोगों के हाथों में पोस्टर देश की सेनाओं के प्रति उनकी भावनाओं को दर्शाए रहे हैं. इसके साथ ही लोग इस पल को अपने मोबाइल में कैद करते भी दिख रहे हैं. बताया जा रहा है कि इस रोड शो के बाद प्रधानमंत्री पार्टी दफ्तर में एक मीटिंग कर सकते हैं. बिहार की राजनीति को लेकर वो पार्टी नेताओं से बातचीत और फीडबैक भी ले सकते हैं.

ये बैठक एक घंटे तक चल सकती है. पीएम मोदी का ये दौरा इसलिए भी बहुत खास है क्योंकि पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी ने बिहार की धरती से आतंकवाद पर प्रचंड प्रहार का ऐलान किया था. उन्होंने कहा था कि आतंकियों को मिट्टी में मिला देंगे. पीएम मोदी के ऐलान के बाद भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह कर दिया था. इसके बाद जब पाकिस्तान ने भारत पर हमला करने की नापाक कोशिश की तो भारतीय सेनाओं ने ऐसा जवाब दिया था जिससे पाकिस्तान थर्रा उठा था. इसके बाद पाकिस्तान सीजफायर के लिए गिड़गिड़िया था.

# दिल्ली-एनसीआर के अधिकांश हिस्सों में बारिश और तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट



**नई दिल्ली.**

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे रही है। बुधवार को छत्तीसगढ़ में मानसूनी बारिश हुई। वहीं, उत्तर भारत में भी मौसम करवट ले रहा है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर सहित अन्य उत्तर भारत के राज्यों में बारिश और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में गरज-चमक के साथ बादल बनने, बिजली चमकने, 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने और हल्की बारिश की भी संभावना है। अगले तीन दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए येलो और शुक्रवार के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। आईएमडी के वैज्ञानिक अखिल श्रीवास्तव ने कहा, "देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र - पंजाब और हरियाणा में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में भी ऐसा ही हो सकता है। उत्तर प्रदेश में ओलावृष्टि सहित ऑरेंज अलर्ट है। खासकर दिल्ली में आज गरज के साथ बारिश, तेज हवाएं और हल्की बारिश की संभावना है और कल हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि अधिकतम तापमान 36-39 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

कल और परसों पश्चिमी राजस्थान में कुछ जगहों पर लू चल सकती है। दक्षिण-पश्चिम मानसून आगे बढ़ा है, जो ओडिशा, बंगाल की खाड़ी के पूर्वी हिस्से, पूर्वोत्तर राज्यों को कवर कर रहा है।"

मौसम विभाग ने जानकार दी है कि मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक बार फिर मौसम बदलने वाला है। दो जून तक लगभग हर दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश के आसार रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार, 28,29,30 और 31 मई को पूर्वी यूपी के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है।

इस दौरान 40-50 किमी/घंटे की स्पीड से तेज हवाएं भी चल सकती हैं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में 28 मई से 2 जून तक हल्की से मध्यम वर्षा और गरज-चमक की संभावना है। बात करें दक्षिण भारत की तो केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 28 से 30 मई के बीच भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना है। इन राज्यों में कुछ स्थानों पर 50-70 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।

# वो दिन दूर नहीं जब 'पीओके' खुद कहेगा सचाई

## राजनाथ सिंह के बयान से तिलमिला उठेगा पाकिस्तान



**नई दिल्ली.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर से पाकिस्तान को ललकारते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इस बार पीओके को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिससे पाकिस्तान तिलमिला उठेगा। इस दौरान उन्होंने भारतीय सुरक्षा को लेकर भी कई अहम बातें कहीं। राजनाथ सिंह सीआईआई की सालाना बिजनेस समिट में बोल रहे थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में मेक इन इंडिया एक अहम कंपोनेंट है। अगर हमारे पास यह क्षमता नहीं होती तो भारत की सेनाएं, पाकिस्तान के निचले हिस्से से लेकर पीओके तक आतंकवाद के खिलाफ इतनी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पातीं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कारोबार चलाना कॉ ने कहा कि पोक में रहने वाले हमारे इन भाइयों की स्थिति कुछ ऐसे ही है जैसे वीर योद्धा महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह की थी। छोटे भाई शक्ति सिंह के अलग हो जाने पर भी बड़े भाई महाराणा प्रताप का विश्वास अपने छोटे भाई के प्रति बना रहता है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा ही दिलों को जोड़ने की बात करता है और हमें विश्वास है कि प्रेम, एकता और सत्य के मार्ग पर चलकर वो दिन दूर नहीं जब हमारा ही अंग पीओके खुद लौटकर कहेगा, मैं भारत ही हूं, मैं वापस आया हूं। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पूरे देश ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा और समझा। उन्होंने कहा कि यह साबित हो चुका है कि मेक इन इंडिया भारत की सिक्योरिटी और समृद्धि के लिए जरूरी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं मानता हूं कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के लोग हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं।

# सीईटी कॉलेज के होस्टल में प्रथम वर्ष की छात्रा ने सुसाइड किया



**नई दिल्ली.** रायचूर के लिंगसुरु की रहने वाली एआईएमएल की प्रथम वर्ष की 19 वर्षीय छात्रा तेजस्विनी जो पोन्नमपेट हल्लिगाट्टू सीईटी कॉलेज के छात्रावास में पढ़ रही थी, ने आत्महत्या कर ली।vपोन्नमपेट पुलिस ने छात्रावास के कमरे का दौरा किया और जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, वह रायचूर के मूल निवासी महंतहेप्पा की इकलौती बेटी थी। उसने तीन दिन पहले अपने दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मनाया और आज भी उसने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने दोस्तों को मिठाई बांटी, जो उस दिन कार्यक्रम में नहीं आए थे। उसके दोस्तों ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को अपनी कक्षा समाप्त करने के बाद शाम 4 बजे छात्रावास आई थी। शाम 4.30 बजे जब उसकी सहपाठी उसके कमरे में गई, तो उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। जब उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, तो उन्होंने बहुत चिल्लाया, तब छात्रावास के एक कर्मचारी ने कमरे में झांका और उसे फांसी पर लटका हुआ पाया। बाद में जब उसका सुसाइड नोट मिला तो पता चला कि उसने लिखा था कि वह आत्महत्या कर रही है क्योंकि उसकी छह बार बैक आ गई है, यानि फेल हो गई है और वह और नहीं पढ़ना चाहती।

# रेखा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर 'आप' ने गिनाई कमियां



**नई दिल्ली.** दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार 100 दिन पूरे होने वाले हैं. इसको लेकर बीजेपी ने उपलब्धियां गिनाने का प्लान तैयार किया है. वहीं आम आदमी पार्टी (आप) बीजेपी सरकार को घेर रही है. दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि बीजेपी ने दिल्ली वालों का जीवन नरक बना दिया है. उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, ''बेहतर काम करना और अपने वायदे पूरे करना तो छोड़िए, बीजेपी ने 10 साल से चलती हुई दिल्ली की व्यवस्था को, 100 दिन के अंदर ठप कर दिए. आज आप 100 दिनों का रिपोर्ट कार्ड जारी कर रही है. बीजेपी हर तरह से फेल है. 15 मुद्दे हमने रखे हैं, ये रिपोर्ट कार्ड घर घर लेकर जाएंगे.'' वहीं दिल्ली में आप के संजोयक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी की चार इंजन की सरकार हर रोज झूठ बोल रही है. इन लोगों ने अपनी 100 दिनों की सरकार में कम से कम 100 झूठ बोले हैं. अभी पिछले दिनों मोहल्ला क्लीनिक के कर्मचारियों से सीएम ने कहा था कि किसी को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा. अब आज ही खबर आई है कि 2000 से ज़्यादा कर्मियों को निकाला जा रहा है. उन्होंने दावा किया, ''हमने जिन मोहल्ला बसों को शुरू कराया था अब उन्हें नाम बदलकर चलाया जा रहा है. निजी स्कूलों द्वारा फीस बढ़ाने पर सरकार द्वारा बोले गए झूठ का कल हाई कोर्ट में पर्दाफाश हो गया.'' 25 साल बाद दिल्ली की सत्ता में बीजेपी लौटी और रेखा गुप्ता सीएम बनी. उन्होंने 20 फरवरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी. 1. बिजली व्यवस्था का ठप्प होना., 2. बिजली महंगी होना,. 3.महिलाओं को 8 मार्च तक 2500 नहीं मिले., 4. प्राइवेट स्कूलों ने फीस बढ़ाई.

# कार की टक्कर से दो साइकिल सवारों की मौत



**नई दिल्ली.** दिल्ली के जनकपुरी इलाके में एक तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। ये कार एक 19 साल का लड़का चला रहा था। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसने पहले एक साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मारी और फिर पास में बनी झुग्गी में घुस गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। दिल्ली के जनकपुरी थाने में पुलिस को सुबह लगभग 3.30 बजे सूचना मिली कि एक तेज रफ्तार कार ने एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी और फिर सड़क किनारे बनी झुग्गी में जा घुसी। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि इस हादसे में चाल लोग घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि अब तक घायलों और मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

# दिल्ली में 12 वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 24 गाड़ियां बरामद



**नई दिल्ली.** देश की राजधानी दिल्ली में पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत 12 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 24 चोरी की गई गाड़ियां बरामद की हैं. यह अभियान क्षेत्र में बढ़ते वाहन चोरी के मामलों को देखते हुए चलाया गया था. पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने गुरुवार को बताया कि एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड और द्वारका के विभिन्न थानों- डाबरी, मोहन गार्डन, उत्तम नगर और सेक्टर-23 की संयुक्त कार्रवाई से यह सफलता मिली है. डाबरी थाना क्षेत्र में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उत्तम नगर निवासी केतन सिंह (24) और रुद्र (18) को गिरफ्तार किया गया है.

दोनों के कब्जे से छह मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं. केतन के खिलाफ वाहन चोरी के नौ मामले पहले से दर्ज हैं. मोहन गार्डन पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में अमित (27), चंदन (23) और अमन (22) को गिरफ्तार किया. तीनों पर पहले से लूट, सेंधमारी और झपटमारी के कई मामले दर्ज हैं. उनके पास से चार मोटरसाइकिलें और एक स्कूटर बरामद हुआ. द्वारका की एएटीएस टीम ने दो प्रमुख मामलों को सुलझाया.

पहले मामले में आदतन अपराधी रॉबर्ट (42), जिस पर पहले से 34 मामले दर्ज हैं, और उसके साथी रवि (34), जो हत्या जैसे गंभीर मामलों में शामिल रहा है, उसे गिरफ्तार किया गया. उनके पास से दो वैन और चार दो-पहिया वाहन बरामद किए गए. दूसरे मामले में रोहिणी सेक्टर-5 के निवासी रमन (56) और उसके बेटे सागर (31) को चोरी की कार के साथ गिरफ्तार किया गया. ये गिरोह चोरी की गई गाड़ियां मेरठ में बेचता था.

# वायुसेना प्रमुख का चौंकाने वाला बयान

## कभी-कभी असंभव, लेकिन फिर भी हम अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हैं



**नई दिल्ली.**

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने देश की प्रमुख रक्षा खरीद परियोजनाओं में हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई है। एक आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि समयसीमा का पालन बेहद आवश्यक है और लगभग हर रक्षा परियोजना में देरी देखी गई है। एयर चीफ ने कहा, "समयसीमा - यह महत्वपूर्ण है। मैं जितने भी प्रोजेक्ट के बारे में सोच सकता हूँ, उनमें देरी हुई है।

हम वादा की गई समयसीमा को पूरा क्यों नहीं कर सकते? कभी-कभी हमें पता होता है कि यह हासिल नहीं किया जा सकता है, लेकिन फिर भी हम अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हैं। हमें शुरू से ही यथार्थवादी और पारदर्शी होने की आवश्यकता है।"

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत सरकार 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत रक्षा उत्पादन में तेजी से स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि भारत को केवल उत्पादन नहीं, बल्कि डिजाइन और विकास की दिशा में भी आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा, "हमें क्षमता और सुविधा दोनों की जरूरत है। हम सिर्फ भारत में उत्पादन नहीं कर सकते - हमें यहां डिजाइन और विकास भी करना होगा।" उन्होंने यह भी कहा कि बलों और उद्योग के बीच आपसी विश्वास और संचार लगातार बना रहना चाहिए ताकि दीर्घकालिक सहयोग संभव हो सके। वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति को लेकर उन्होंने कहा, "हमें भविष्य के लिए भी तैयार रहना होगा। अगले दस वर्षों में, हम भारतीय उद्योग और डीआरडीओ से और अधिक परिणाम देखेंगे। लेकिन हमें आज जो चाहिए, वह आज ही चाहिए।"

उन्होंने सुझाव दिया कि इसके लिए फास्ट-ट्रैक 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रमों की आवश्यकता है। यह पहली बार नहीं है जब वायुसेना प्रमुख ने सार्वजनिक रूप से भारत की रक्षा उत्पादन प्रणाली की आलोचना की हो। पिछले साल पदभार ग्रहण करने के कुछ समय बाद ही उन्होंने कहा था कि भारत एक समय सैन्य तकनीक के मामले में चीन से आगे था, लेकिन अब काफी पीछे है।

इस साल फरवरी में, एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) को लेकर की गई उनकी एक अनौपचारिक टिप्पणी विवाद का कारण बनी थी। उन्हें एचजेटी-36 यशस कॉकपिट में माइक पर यह कहते हुए सुना गया, "मुझे एचएएल पर बिल्कुल भरोसा नहीं है।" उन्होंने यह भी कहा कि वादा किया गया था कि फरवरी तक 11 तेजस एमके1ए विमान तैयार होंगे, लेकिन एक भी तैयार नहीं हुआ।

एयर चीफ मार्शल की यह टिप्पणी भारत द्वारा हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए ऑपरेशन "सिंदूर" के कुछ दिन बाद आई है, जिसमें 100 से अधिक आतंकियों का सफाया किया गया। इस हमले को लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान की सेना के तत्वों से जोड़ा गया है।

### युद्ध के बदलते स्वरूप में नई तकनीकों की भूमिका और निजी भागीदारी का महत्व

ऑपरेशन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह युद्ध के बदलते स्वरूप को समझने में मददगार रहा है। उन्होंने कहा, "नई तकनीकें लगातार उभर रही हैं। हमें अपनी सोच को उसी के अनुसार बदलने की जरूरत है, और इस पर काम पहले से ही चल रहा है।" इसके साथ ही, उन्होंने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान परियोजना में निजी क्षेत्र की भागीदारी को अहम कदम बताया और कहा कि इससे भविष्य में बड़े विकास का रास्ता खुलेगा।

# सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी नई निसान मैग्नाइट

**गुरुग्राम.**




निसान मोटर इंडिया की लोकप्रिय एसयूवी नई निसान मैग्नाइट अब सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के साथ भी उपलब्ध होगी। सीएनजी किट को देश के नियामकीय मानकों के अनुरूप मोटोजेन (थर्ड पार्टी) द्वारा डेवलप, मैन्यूफैक्चर और क्वालिटी एश्योर किया गया है। मोटोजेन किट के कंपोनेंट्स के लिए वारंटी देगी। यह पहल ग्राहकों को ध्यान में रखकर समाधान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दिखाती है। सरकार द्वारा अधिकृत फिटमेंट सेंटर पर किट को लगाया जाएगा। पूरा रेट्रोफिटमेंट मात्र 74,999 रुपये की अतिरिक्त कीमत पर उपलब्ध होगा। पर्यावरण के प्रति सचेत ग्राहकों को ध्यान में रखकर पेश की गई इको फ्रेंडली सीएनजी किट फिटमेंट को चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में उपलब्ध कराया जाएगा। पहले चरण में 7 राज्यों – दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में निसान के ग्राहक निसान की अधिकृत डीलरशिप से सीएनजी किट इंस्टॉल करा सकेंगे। कुछ समय बाद दूसरे चरण में पूरे देश में इसे विस्तार दिया जाएगा। सीएनजी किट का विकल्प केवल मैनुअल गियरबॉक्स वाली नई निसान मैग्नाइट 1.0 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन के साथ मिलेगा। सीएनजी रेट्रोफिटेड किट से ग्राहकों को बेहतर ईंधन दक्षता का लाभ मिलेगा। सभी सीएनजी किट को सरकार द्वारा प्रमाणित वेंडर्स से लगवाया जाएगा। इसमें सर्टिफाइट होमोलोगेटेड किट मिलेगी, जो सभी वर्तमान नियमनों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप होगी। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'नई निसान मैग्नाइट हम सभी के लिए उल्लेखनीय मॉडल है और इसने हमें भारत में सफलता की कहानी लिखने में मदद की है। ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य के साथ अब निसान के डीलर्स सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के रूप में अल्टरनेट फ्यूल ऑप्शन दे सकेंगे।

# वी बिज़नेस ने हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज़ से की रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली.**

वोडाफोन आइडिया की एंटरप्राइज़ शाखा वी बिज़नेस ने आज की डिजिटल रूप से उन्नत होती कारोबारी दुनिया की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज़ के साथ स्ट्रैटेजिक मैनेज्ड सर्विसेज़ एग्रीमेंट की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत देश के छोटे-बड़े उद्यमों को फ्यूचर रेडी, इंटेलिजेंट, स्केलेबल और सिक्योर नेटवर्किंग समाधान प्रदान किए जाएंगे। इस पहल के अंतर्गत एचपीई के अरूबा नेटवर्किंग प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हुए मैनेज्ड वायरलेस लन, स्विचिंग और सिक्योरिटी सॉल्यूशंस उपलब्ध कराए जाएंगे। ये सेवाएं कॉर्पोरेट मुख्यालयों, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, कैंपस नेटवर्क्स और क्षेत्रीय कार्यालयों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन की गई हैं।

वी बिजनेस के नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर के माध्यम से इन सभी सेवाओं का संचालन और प्रबंधन किया जाएगा। यह केंद्र एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और मशीन लर्निंग द्वारा संचालित एडवांस एनालिटिक्स से लैस होगा, जिससे एंटरप्राइज़ उपभोक्ताओं को बेहतरीन यूज़र अनुभव और प्रोएक्टिव नेटवर्क मैनेजमेंट मिलेगा। प्राइवेट डेटा सेंटर्स में कंप्यूट और स्टोरेज क्षमताओं की बढ़ती मांग को देखते हुए ऐसे समाधान विकसित किए जाएंगे, जो सरकारी एजेंसियों, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर के उपक्रमों को सुरक्षित और प्रभावी डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेंगे. वी बिज़नेस जैसी सक्षम टेल्को कंपनी के साथ जुड़ना हमारे लिए गौरव की बात है। यह साझेदारी भारत के एंटरप्राइज़ इनोवेशन को नई दिशा देगी।"यह साझेदारी डिजिटल युग की माँगों को ध्यान में रखते हुए भारत के एंटरप्राइज़ इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक मानकों पर पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।




# कोका-कोला की कोल्ड ड्रिंक ने तोड़े रिकॉर्ड

## एक साल में हजारों-करोड़ों की हुई कमाई

**नई दिल्ली.**

गर्मियों का सीजन शुरू होते ही कोल्ड ड्रिंक्स की डिमांड तेजी से बढ़ जाती है. बाजार में कई बड़े कोल्ड ड्रिंक ब्रांड्स हैं. लेकिन हाल ही में नींबू के स्वाद वाला फेमस कोल्ड ड्रिंक ब्रांड लिम्का ने वर्ष 2024 में 2,800 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल कर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर लिया है. इस उपलब्धि में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की अहम भूमिका रही है. कोका-कोला इंडिया ने एक बयान में बताया कि 50 वर्षों से ज्यादा पुराना यह ब्रांड दिल्ली, पंजाब, हरियाणा समेत कई प्रमुख राज्यों में दोहरे अंक की ग्रोथ दर्ज कर रहा है. कोका-कोला इंडिया के भारत एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया क्षेत्र के उपाध्यक्ष (फ्रेंचाइज़ परिचालन) विनय नायर के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि लिम्का की सफलता की कहानी जुझारूपन,




निरंतर नवाचार और उत्कृष्टता की खोज की मिसाल है.

उन्होंने बताया कि 1993 में कोका-कोला ने रमेश चौहान के नेतृत्व में पार्ले बिसलेरी से अपने भारत वापसी के दौरान चौहान ब्रदर्स से एरेटेड ड्रिंक्स के पूरे पोर्टफोलियो का अधिग्रहण किया था, जिसमें गोल्ड स्पॉट भी शामिल था. विनय नायर ने आगे कहा कि कोका-कोला की सफलता की कुंजी एक मजबूत और सरल रणनीति है जिसमें उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों के अनुसार उत्पादों का नवप्रवर्तन, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण नेटवर्क का विस्तार, और जुनून व उद्देश्य से जुड़े मार्केटिंग अभियान शामिल हैं.

लिम्का की स्थापना 1971 में हुई थी और तब से यह शहरी एवं ग्रामीण बाजारों में लगातार लोकप्रिय होती जा रही है. वर्तमान में कोका-कोला के भारतीय पोर्टफोलियो में थम्स अप, स्प्राइट और माजा जैसे तीन ब्रांड शामिल हैं, जिनका राजस्व एक अरब डॉलर से अधिक है. कोका-कोला ने 1993 में माजा, थम्स अप और लिम्का का अधिग्रहण किया था, जिसके बाद इन ब्रांड्स ने भारतीय बाजार में मजबूती से पकड़ बनाई.

### बाजार में उतारे नए फ्लेवर

❑ वर्ष 2024 में, कोका-कोला ने हाइड्रेशन श्रेणी में लिम्का को आगे बढ़ाते हुए लिम्का ग्लूकोचार्ज लॉन्च किया. यह ग्लूकोज और इलेक्ट्रोलाइट्स युक्त एक विशेष पेय है, जिसके प्रचार अभियान में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को शामिल किया गया था. भारत में कोका-कोला के पेय पदार्थों की विस्तृत श्रृंखला में कोका-कोला, डाइट कोक, थम्स अप, फैंटा, लिम्का, स्प्राइट, माज़ा, मिनट मेड जूस और ऑनेस्ट टी शामिल हैं, जो विभिन्न उपभोक्ता जरूरतों को पूरा करते हैं.

# सेंसेक्स 320 और निफ्टी 81 अंकों की बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली.** गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार ने ठीक-ठीक बढ़त लेकर हरे निशान में कारोबार बंद किया। दोपहर करीब 2 बजे बाजार लगभग फ्लैट था, लेकिन आखिर के आधे घंटे में निवेशकों ने जमकर खरीदारी की, जिसके दम पर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुआ। आज बीएसई सेंसेक्स 320.70 अंकों (0.39%) की तेजी के साथ 81,633.02 अंकों पर बंद हुआ।

इसी तरह, आज एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 81.15 अंकों (0.33%) की बढ़त के साथ 24,833.60 अंकों पर बंद हुआ। बताते चलें कि इससे पहले शेयर बाजार लगातार दो दिन गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ था। आज सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की 6 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, आज निफ्टी 50 की 50 में से 37 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए.

# सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट ने तंबाकू और कैंसर पर जताई गंभीर चिंता

**नागपुर.**




विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स, नागपुर के एक वरिष्ठ सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सागर भालेराव ने भारत में बढ़ते तंबाकू सेवन और मुह कैंसर के बीच गहरे संबंध को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। वर्षों के क्लीनिकल अनुभव और लगातार हो रहे शोध के आधार पर, उन्होंने जागरूकता, रोकथाम और नीति स्तर पर ठोस कदम उठाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। डॉ. सागर भालेराव ने बताया कि भारत में मुँह का कैंसर सबसे आम प्रकार के कैंसर में से एक है, और सिर व गर्दन के 90% से अधिक कैंसर तंबाकू सेवन से सीधे जुड़े हुए हैं। "अपने अभ्यास में मैंने तंबाकू के कारण मरीजों और उनके परिवारों पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव देखे हैं," ऐसा उन्होंने कहा। खैनी, गुटखा, पान मसाला और सूखे तंबाकू के पत्तों का उपयोग भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में बहुत ज़्यादा है। साउथ एशियन जर्नल ऑफ़ कैंसर में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, ग्रामीण इलाकों के 44% वयस्क कैंसर मरीज तंबाकू चबाने वाले उत्पादों का सेवन करते हैं, जो कैंसर के बोझ को बढ़ाने वाला एक बड़ा कारण है। साथ ही, दांतों और मुंह की साफ-सफाई की कमी खासकर उन लोगों में जो गरीब हैं या जिन्हें डेंटल केयर तक पहुंच नहीं है. यह खतरा और ज्यादा गंभीर बना देती है। वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स, नागपुर में सर्जरी, रेडिएशन थेरेपी और कीमोथेरेपी जैसे आधुनिक इलाज उपलब्ध हैं, लेकिन डॉ. भालेराव का मानना है कि तंबाकू से बचाव ही सबसे प्रभावशाली उपाय है। समूचा भारत विश्व तंबाकू निषेध दिवस मना रहा है। इस अवसर पर वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स, नागपुर तंबाकू से जुड़े कैंसर संकट से लड़ने के लिए विशेषज्ञ इलाज, जागरूकता और जनहित के प्रयासों के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। यह अस्पताल तंबाकू मुक्त भविष्य की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# एडवांस्ड मूवमेंट डिसऑर्डर क्लिनिक और स्ट्रोक यूनिट का शुभारंभ

**नागपुर.**

मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर ने हाल ही में मूवमेंट डिसऑर्डर क्लिनिक और स्ट्रोक यूनिट का उद्घाटन किया है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है जो एक ही जगह पर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उठाया गया है।

यह खास सुविधा एक क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र (रीजनल सेंटर ऑफ़ एक्सलेंस) बनने की दिशा में अग्रसर है, जो जटिल न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के लिए संपूर्ण और बहु विशेषज्ञ टीम के माध्यम से इलाज उपलब्ध कराएगी। नागपुर में स्थित इस केंद्र का स्थान रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है, जिससे यह सुविधा केवल नागपुर के नागरिकों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे विदर्भ और आसपास के इलाकों के लोगों के लिए भी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। इस क्लिनिक के साथ-साथ जो स्ट्रोक यूनिट शुरू की गई है, वह मैक्स हॉस्पिटल में 24/7 कार्यरत रहेगी और इसमें एक्यूटस्ट्रोक केयर, रैपिड इमेजिंग, थ्रॉम्बोलिसिस, परक्यूटेनियस मेकैनिकल थ्रॉम्बेक्टॉमी और स्ट्रोक के बाद पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) जैसी सेवाएं दी जाएंगी।




### मैक्स हेल्थकेयर के बारे में

❑ यहां इलाज के लिए नई तकनीक और रिसर्च का इस्तेमाल किया जाता है। मैक्स हेल्थकेयर के देशभर में 22 अस्पताल और मेडिकल सेंटर्स हैं, जिनमें लगभग 5,000 बेड की सुविधा है। इसका मुख्य फोकस उत्तर भारत में है। इसमें कंपनी द्वारा चलाए जा रहे अस्पताल, इसकी सहायक कंपनियां, साझेदार अस्पताल (पार्टनर हैल्थकेयर फ़ैसिलिटीस), और कंपनी द्वारा प्रबंधित हेल्थ केयर सेंटर्स शामिल हैं। मोहाली और बठिंडा के अस्पताल पंजाब सरकार के साथ पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर संचालित किए जा रहे हैं।

भारत में स्ट्रोक अपंगता और मृत्यु के बड़े कारणों में से एक बनता जा रहा है, इसलिए यह यूनिट समय पर इलाज करके मरीजों की जान बचाने और बेहतर परिणाम लाने में अहम भूमिका निभाएगी। डॉ. केतन चतुर्वेदी, निदेशक, न्यूरोलॉजी, मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर ने कहा, "क्लिनिकल अनुभव और अत्याधुनिक तकनीक के मेल से हम एक डेडिकेटेड सेंटर ऑफ़ एक्सलेंस स्थापित कर रहे हैं, जो पार्किंसन बीमारी, डिस्टोनिया, ट्रेमर्स, टिक्स और अन्य मूवमेंट (शारीरिक गतिविधिओं से जुड़ी) बीमारियों के निदान और इलाज पर केंद्रित रहेगा। हमारा उद्देश्य है कि हम मरीजों को समय पर, सटीक निदान और व्यक्तिगत उपचार योजना प्रदान करें, जो हमारे न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, फिजियोथेरेपिस्ट, स्पीच एंड ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट की बहुवैद्यकीय टीम के सहयोग से किया जाएगा।"

# बटन, पेन और कंघी से भारत चीन को दे सकता है झटका

**नई दिल्ली.**

"स्वदेशी खरीदें" का नारा नया नहीं है, लेकिन इसका पालन करने में देश अभी भी पीछे है. हम कई ऐसी चीज़ों के लिए चीन पर निर्भर हैं, जिन्हें भारत में आसानी से बनाया जा सकता है. यह स्थिति भारत को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रही है और चीन के साथ हमारा व्यापार घाटा 8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है. भारत की चीन पर निर्भरता भारी सामान के लिए तो छोड़ ही दीजिए क्योंकि हम तो बटन, पेन कंघी से लेकर कई ऐसी रोजमर्रा की मामूली चीजें हैं जिनके लिए चीन पर निर्भर हैं. लेकिन भारत ने स्वदेशी खरीदें को पूरी



तरह अपना लिया तो केवल बटन, पेन और कंघी जैसी चीजों से ड्रैगन को 54000 करोड़ का झटका दे सकते हैं. ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव के अनुसार, भारत ने 2023-24 में चीन से करीब 7,521 प्रकार के उत्पाद आयात किए. इनमें शामिल हैं: भारत में ये सामान बनाए जाते हैं, लेकिन उतने सस्ते और बड़े पैमाने पर नहीं जैसे कि चीन में. चीन की फैक्ट्रियां बड़े पैमाने पर उत्पादन कर लागत घटा देती हैं, जिससे उनके उत्पाद सस्ते होते हैं. भारतीय ग्राहक भी कीमत के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं और कम कीमत वाले सामान को प्राथमिकता देते हैं. यही वजह है कि भारतीय बाजार में चीनी सामान की भरमार है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में देशवासियों से अपील की कि वे विदेशी सामानों की निर्भरता को खत्म करें. उन्होंने कहा कि गांव-गांव के व्यापारियों को शपथ दिलाई जानी चाहिए कि वे विदेशी सामान नहीं बेचेंगे, चाहे मुनाफा कितना भी हो. उन्होंने उदाहरण दिया कि आज गणेश जी की मूर्तियां और होली की पिचकारी तक विदेशों, खासकर चीन से आ रही हैं.

# काशी में मुकेश अंबानी के छोटे बेटे ने दान दिये 1 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली.** मुकेश अंबानी के छोटे बेटे आकाश अंबानी ने हाल ही में काशी विश्वनाथ मंदिर का दौरा किया और बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर वहां 1 करोड़ रुपये का दान दिया. अपने इस दौरे के दौरान आकाश ने मंदिर परिसर में विधिवत पूजन-अर्चन किया और मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना भी की. आकाश अंबानी का यह दौरा पूरी तरह से धार्मिक रहा, जिसमें उन्होंने न केवल दर्शन किए बल्कि श्रद्धा से बड़ी धनराशि का योगदान देकर अपनी आस्था भी व्यक्त की. वे बुधवार को वाराणसी पहुंचे थे और सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे. दर्शन के दौरान उनके साथ मंदिर प्रशासन और सुरक्षाकर्मी भी मौजूद रहे. काशी विश्वनाथ मंदिर, जो देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, में अंबानी परिवार का यह योगदान एक बार फिर यह दिखाता है कि देश के बड़े उद्योगपतियों की आस्था भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपराओं में कितनी गहरी है. आकाश अंबानी ने दर्शन के बाद मंदिर प्रशासन से भेंट की और विकास कार्यों के बारे में जानकारी भी ली. यह कोई पहली बार नहीं है जब अंबानी परिवार ने काशी में दान किया हो.

# वेक्सफेब की आय में जबरदस्त छलांग

**अहमदाबाद.** अहमदाबाद स्थित वेक्सफेब एन्टरप्राईज लिमिटेड मार्च 2025 में समाप्त हुए एफवाय 2024-25 के दौरान टोटल रू. 59.38 करोड की ईन्कम हुई थी। जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान हुई कुल 9.28 करोड़ रुपये की ईन्कम के सामने वाय-ओ-वाय 540% का ग्रोथ दर्शाती है। एफवाय 2024-25 के लीए कंपनी का नेट प्रोफिट रू. 58.42 लाख हुआ था।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष इसी अवधि में कंपनी को 3.57 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। क्यू4एफवाय 2024-25 में कंपनी ने रू. 3.23 करोड की टोटल ईन्कम दर्ज की थी। जो गत वर्ष समान अवधि में हुई टोटल ईन्कम से 143% ज्यादा है। गत साल कंपनी ने रू. 1.33 करोड की टोटल ईन्कम दर्ज की थी। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में कंपनी ने 1.78 करोड़ रुपये का नेट प्रोफिट दर्ज किया था। यह पिछले साल की समान अवधि के 61.4 लाख रुपये के नेट प्रोफिट से Y-o-Y आधार पर 190% अधिक है। कंपनी का प्रति शेयर ईपीएस 2.126 रुपये रहा। 1983 में स्थापित, वेक्सफैब एंटरप्राइजेज लिमिटेड कृषि उत्पादों के व्यापार के व्यवसाय में है और क्लोथिंग और टेक्सटाईल व्यापार में विविधता लाने का प्रस्ताव करता है। इन सभी वर्टिकल को एक ही कॉर्पोरेट एन्टीटी के अंतर्गत रखा जाएगा। इससे हमें अपने नए सेगमेन्ट में विभाजित करने में मदद मिलेगी जो बदले में हमें विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ग्राहकों को सर्विस प्रोवाईड करने में मदद करेंगे। कंपनी का व्यवसाय दो अलग- अलग व्यावसायिक वर्टिकल में विभाजित है, जिनमें शामिल हैं: ए) कृषि; बी) क्लोथिंग और टेक्सटाईल वर्टिकल। 2023 में कंपनी ने वर्किंग केपिटल रिक्वायर्नमेन्ट्स और जनरल कॉर्पोरेट उद्देश्यों सहित एक्सपान्शन स्ट्रेटेजीस को फंडिग देने के लिए राइट्स इश्यू के माध्यम से रू. 12.96 करोड़ रुपये जुटाए। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी पिछले कुछ समय से महत्वपूर्ण राजनीतिक पहल कर रही है।

# शेयर बाजार में आईटीसी की हलचल तेज

**नई दिल्ली.** आईटीसी में शेयरों की बड़ी ब्लॉक डील हुई है। मिली खबर के मुताबिक, ब्रिटिश बहुराष्ट्रीय कंपनी बीएटी पीएलसी ने आईटीसी में 2.5% हिस्सेदारी 12,927 करोड़ रुपये (1.51 अरब डॉलर) में बेची है। सौदे की शर्तों के अनुसार, ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको (बीएटी) ने अपनी शाखा टोबैको मैन्युफैक्चरर्स (इंडिया) लिमिटेड के माध्यम से कोलकाता स्थित आईटीसी में हिस्सेदारी बेच दी। बीएटी के पास अपने सहयोगियों रोथमैन्स इंटरनेशनल एंटरप्राइजेज, माइडलटन इन्वेस्टमेंट कंपनी और टोबैको मैन्युफैक्चरर्स (इंडिया) लिमिटेड के जरिये आईटीसी लिमिटेड में संयुक्त रूप से 25.44% हिस्सेदारी थी। इस ब्लॉक डील के बाद, बीएटी की आईटीसी में हिस्सेदारी घटकर 23% से कम रह गई है। यह डील कंपनी की रणनीतिक हिस्सेदारी में बदलाव का संकेत देती है। आईटीसी के 31.3 करोड़ शेयर 413 रुपये प्रति शेयर भाव पर बेचे गए।

आकर्षक पुष्कराज विकली लॉटरी
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
सोडत दर गुरुवारी • तिकीट किंमत रु. 50/- • सोडत क्र. 22 • सोडत दिनांक 29/05/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — AP-04 : 1298
उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 1298 — श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई; श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1744 | 2373 | 3304 | 4258 | 4999 | 6247 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1272 | 2326 | 2743 | 2838 | 3415 | 5840 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 2108 | 2561 | 4467 | 5172 | 5665 | 6927 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1668 | 4560 | 5902 | 6014 | 6414 | 6850 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी) | | 1869 | 2246 | 2625 | 3108 | 3388 | 3896 | 4331 | 4717 | 5257 | 5658 | 6060 | 6621 |
| | | 1871 | 2255 | 2627 | 3113 | 3393 | 3900 | 4336 | 4724 | 5295 | 5690 | 6076 | 6626 |
| 1008 | 1388 | 1919 | 2257 | 2667 | 3123 | 3397 | 3935 | 4341 | 4748 | 5312 | 5692 | 6099 | 6636 |
| 1012 | 1406 | 1920 | 2258 | 2681 | 3126 | 3436 | 3947 | 4388 | 4749 | 5334 | 5700 | 6106 | 6664 |
| 1021 | 1410 | 1968 | 2262 | 2703 | 3133 | 3450 | 3963 | 4393 | 4753 | 5336 | 5704 | 6123 | 6671 |
| 1023 | 1424 | 1969 | 2270 | 2712 | 3155 | 3487 | 3977 | 4406 | 4754 | 5344 | 5719 | 6131 | 6684 |
| 1051 | 1443 | 1970 | 2271 | 2721 | 3172 | 3503 | 3991 | 4422 | 4759 | 5355 | 5740 | 6133 | 6685 |
| 1074 | 1444 | 1975 | 2275 | 2725 | 3186 | 3506 | 3997 | 4434 | 4779 | 5375 | 5751 | 6145 | 6688 |
| 1104 | 1457 | 1979 | 2281 | 2727 | 3215 | 3535 | 3998 | 4445 | 4821 | 5435 | 5755 | 6166 | 6695 |
| 1107 | 1466 | 2005 | 2282 | 2740 | 3221 | 3568 | 4015 | 4448 | 4835 | 5457 | 5757 | 6176 | 6697 |
| 1117 | 1487 | 2028 | 2285 | 2750 | 3231 | 3576 | 4041 | 4449 | 4843 | 5464 | 5758 | 6178 | 6704 |
| 1121 | 1511 | 2029 | 2287 | 2772 | 3233 | 3625 | 4044 | 4453 | 4845 | 5475 | 5775 | 6182 | 6706 |
| 1124 | 1526 | 2052 | 2288 | 2782 | 3239 | 3627 | 4055 | 4458 | 4857 | 5482 | 5785 | 6187 | 6716 |
| 1141 | 1531 | 2072 | 2291 | 2792 | 3243 | 3638 | 4068 | 4459 | 4898 | 5490 | 5788 | 6269 | 6722 |
| 1142 | 1540 | 2077 | 2323 | 2808 | 3251 | 3665 | 4098 | 4476 | 4900 | 5496 | 5795 | 6286 | 6758 |
| 1164 | 1572 | 2084 | 2324 | 2809 | 3263 | 3690 | 4106 | 4478 | 4904 | 5498 | 5823 | 6290 | 6761 |
| 1168 | 1606 | 2088 | 2341 | 2817 | 3270 | 3728 | 4107 | 4489 | 4934 | 5502 | 5825 | 6321 | 6764 |
| 1171 | 1610 | 2108 | 2374 | 2818 | 3302 | 3730 | 4111 | 4490 | 4979 | 5509 | 5834 | 6328 | 6765 |
| 1172 | 1612 | 2115 | 2375 | 2822 | 3307 | 3737 | 4113 | 4496 | 4989 | 5510 | 5845 | 6341 | 6766 |
| 1181 | 1639 | 2121 | 2422 | 2824 | 3314 | 3739 | 4150 | 4497 | 4998 | 5514 | 5857 | 6346 | 6769 |
| 1182 | 1661 | 2126 | 2428 | 2826 | 3323 | 3770 | 4160 | 4511 | 5008 | 5530 | 5894 | 6419 | 6779 |
| 1186 | 1671 | 2128 | 2429 | 2828 | 3329 | 3773 | 4167 | 4541 | 5045 | 5533 | 5900 | 6464 | 6781 |
| 1188 | 1675 | 2166 | 2455 | 2840 | 3332 | 3781 | 4170 | 4542 | 5053 | 5543 | 5912 | 6465 | 6786 |
| 1190 | 1700 | 2177 | 2459 | 2848 | 3339 | 3803 | 4174 | 4553 | 5056 | 5546 | 5919 | 6478 | 6796 |
| 1191 | 1701 | 2178 | 2470 | 2854 | 3343 | 3824 | 4189 | 4559 | 5058 | 5548 | 5920 | 6502 | 6817 |
| 1213 | 1716 | 2180 | 2475 | 2866 | 3345 | 3825 | 4204 | 4594 | 5082 | 5551 | 5931 | 6546 | 6863 |
| 1230 | 1718 | 2198 | 2478 | 2872 | 3349 | 3832 | 4214 | 4616 | 5095 | 5552 | 5953 | 6556 | 6866 |
| 1253 | 1771 | 2207 | 2495 | 2925 | 3351 | 3834 | 4243 | 4629 | 5097 | 5553 | 5955 | 6562 | 6877 |
| 1269 | 1772 | 2208 | 2535 | 2947 | 3354 | 3837 | 4245 | 4631 | 5146 | 5573 | 5958 | 6565 | 6891 |
| 1279 | 1781 | 2209 | 2548 | 2977 | 3359 | 3863 | 4247 | 4666 | 5147 | 5579 | 5969 | 6568 | 6903 |
| 1312 | 1809 | 2212 | 2563 | 3006 | 3365 | 3869 | 4255 | 4677 | 5150 | 5605 | 5986 | 6576 | 6906 |
| 1315 | 1816 | 2219 | 2568 | 3010 | 3369 | 3873 | 4263 | 4685 | 5165 | 5610 | 5989 | 6578 | 6933 |
| 1328 | 1833 | 2220 | 2570 | 3014 | 3373 | 3880 | 4273 | 4689 | 5189 | 5633 | 6006 | 6600 | 6962 |
| 1338 | 1842 | 2221 | 2572 | 3031 | 3379 | 3885 | 4278 | 4711 | 5230 | 5638 | 6007 | 6607 | 6969 |
| 1341 | 1850 | 2222 | 2577 | 3039 | 3380 | 3894 | 4297 | 4715 | 5236 | 5644 | 6018 | 6609 | 6995 |
| 1364 | 1851 | 2245 | 2582 | 3088 | 3383 | 3895 | 4328 | 4716 | 5256 | 5654 | 6029 | 6610 | 6999 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 20/06/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 50 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे) — तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे) — 200/-
आकर्षक पुष्कराज — सोडत दिनांक 29/05/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — गणेशलक्ष्मी गौरव विकली लॉटरी — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — सोडत संध्या. 5:00
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 22 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 29/05/2025

पहिले बक्षिस रु. 10000/- — विक्रेते — MG-01 : 7642 — ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 1990
तिसरे बक्षिस रु. 1000/- — 1951; 4263 अंबिका एजन्सी, दादर, मुंबई; 6299 किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली; 7677 ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी, पुणे; 8983 ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी, पुणे

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 400/- | 2204 | 3419 | 4704 | 5693 | 6576 | 7702 | 7971 | 8778 |
| 1174 | 2251 | 3913 | 4800 | 5709 | 6597 | 7731 | 8076 | 8782 |
| 1180 | 2541 | 3972 | 4919 | 5878 | 6817 | 7762 | 8108 | 8807 |
| 1192 | 2544 | 4049 | 4936 | 5888 | 6856 | 7768 | 8208 | 8838 |
| 1418 | 2587 | 4174 | 4990 | 6027 | 6959 | 7775 | 8368 | 8840 |
| 1981 | 2844 | 4423 | 5051 | 6039 | 6964 | 7790 | 8451 | 8858 |
| 1996 | 3109 | 4484 | 5569 | 6227 | 7040 | 7798 | 8485 | 8884 |
| 2002 | 3173 | 4547 | 5669 | 6333 | 7070 | 7845 | 8622 | 8900 |
| 2061 | 3369 | 4571 | 5688 | 6472 | 7346 | 7880 | 8762 | 8943 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी मान्सून मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 13-06-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 22 लाख पहिले सामायिक बक्षिस — दुसरे बक्षिस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) — तिसरे बक्षिस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
गणेशलक्ष्मी गौरव विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 29/05/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री — दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 22 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 29/05/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — SD-00 : 4657
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 5888 — रुखमणी एन्टरप्रायझेस, औरंगाबाद
तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 1726; 3027; 5975 महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1133 | 2219 | 3234 | 4048 | 5528 |
| 1184 | 2528 | 3326 | 4322 | 5591 |
| 1277 | 2746 | 3559 | 4371 | 5605 |
| 1384 | 2827 | 3635 | 4414 | 5670 |
| 1731 | 2856 | 3639 | 4428 | 5851 |
| 1760 | 2881 | 3743 | 4541 | 5880 |
| 1981 | 3038 | 3845 | 4653 | 5916 |
| 2187 | 3114 | 3971 | 4941 | 5972 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 09-06-2025
जिंका फक्त 5 अंकावर रु. 22 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 11 लाखाची x 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस रु. 2 लाख (रु. 10 हजाराची x 20 बक्षिसे) — सातवे बक्षिस रु. 12 लाख (रु. 150 ची x 8000 बक्षिसे)
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री दीपलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 29/05/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर गुरुवार • सोडत क्रमांक 22 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 29/05/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 3686 | 0623 | 1737 | 3712 | 2639 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — 1411; 3689
तिसरे बक्षिस रु. 2000/- — 0855; 2183; 6824; 8077; 8483 महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0390 | 1255 | 1273 | 1717 | 2223 | 3693 | 6365 | 6854 | 8021 | 9678 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0534 | 0941 | 1380 | 1412 | 4722 | 5083 | 5295 | 6122 | 9447 | 9782 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सहावे बक्षिस रु. 300/- | 0625 | 1917 | 2638 | 3437 | 4400 | 5656 | 6465 | 7577 | 8331 | 8987 |
| | 0681 | 1958 | 2689 | 3443 | 4423 | 5693 | 6509 | 7636 | 8378 | 9209 |
| 0002 | 0828 | 1982 | 2726 | 3488 | 4461 | 5718 | 6546 | 7709 | 8433 | 9419 |
| 0005 | 1111 | 2006 | 2734 | 3534 | 4467 | 5827 | 6640 | 7734 | 8448 | 9455 |
| 0013 | 1129 | 2019 | 2809 | 3543 | 4469 | 5859 | 6644 | 7753 | 8524 | 9493 |
| 0034 | 1133 | 2024 | 2815 | 3637 | 4482 | 5879 | 6650 | 7836 | 8584 | 9506 |
| 0047 | 1142 | 2067 | 2839 | 3662 | 4655 | 5887 | 6675 | 7850 | 8610 | 9553 |
| 0081 | 1235 | 2127 | 2843 | 3785 | 4905 | 5970 | 6723 | 7853 | 8663 | 9632 |
| 0087 | 1241 | 2153 | 2858 | 3829 | 5086 | 5971 | 6766 | 7899 | 8685 | 9766 |
| 0144 | 1296 | 2183 | 2988 | 3931 | 5111 | 6066 | 6780 | 7909 | 8699 | 9769 |
| 0180 | 1321 | 2245 | 3216 | 4144 | 5117 | 6067 | 6838 | 7925 | 8801 | 9777 |
| 0294 | 1415 | 2278 | 3218 | 4146 | 5172 | 6082 | 6887 | 7974 | 8802 | 9829 |
| 0301 | 1420 | 2312 | 3239 | 4193 | 5280 | 6146 | 6988 | 8002 | 8806 | 9834 |
| 0403 | 1431 | 2379 | 3262 | 4206 | 5359 | 6221 | 7203 | 8050 | 8808 | 9835 |
| 0409 | 1458 | 2390 | 3311 | 4214 | 5391 | 6241 | 7207 | 8073 | 8840 | 9892 |
| 0416 | 1598 | 2395 | 3314 | 4228 | 5571 | 6316 | 7250 | 8168 | 8861 | 9904 |
| 0522 | 1613 | 2409 | 3315 | 4341 | 5618 | 6360 | 7272 | 8264 | 8864 | 9930 |
| 0606 | 1614 | 2529 | 3353 | 4368 | 5628 | 6366 | 7523 | 8266 | 8873 | 9941 |
| 0610 | 1913 | 2632 | 3433 | 4397 | 5635 | 6416 | 7539 | 8282 | 8914 | 9993 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 09-06-2025
जिंका फक्त 5 अंकावर रु. 22 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. (रु. 11 लाखाची x 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस रु. 2 लाख (रु. 10 हजाराची x 20 बक्षिसे) — सातवे बक्षिस रु. 12 लाख (रु. 150 ची x 8000 बक्षिसे)
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी गुरु विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 29/05/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता: महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123



# सीएम के रूप में अपने 72 घंटे के कार्यकाल को कभी नहीं भूलूंगा

## वह अपने आप में एक संस्था थीं: फडणवीस

● उन्होंने कहा कि सरकार 'कॉफी टेबल बुक' की प्रतियां खरीदेगी और उन्हें सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भेजेगी। फडणवीस ने कहा, "वह (अहिल्याबाई होल्कर) अपने आप में एक संस्था थीं। हमने अहमदनगर जिले का नाम बदलकर अहिल्यानगर किया है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार श्रद्धेय रानी पर एक व्यावसायिक फिल्म बनाने की भी योजना बना रही है, ताकि उनके जीवन और उस समय के बारे में युवा पीढ़ी जान सके।

### > देवेंद्र फडणवीस ने क्यों किया ऐसा जिक्र?

**मुंबई.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने एक बयान में 2019 के 72 घंटे के मुख्यमंत्री कार्यकाल को याद किया। फडणवीस ने कहा, मैं दूसरी बार नहीं, बल्कि तीसरी बार मुख्यमंत्री बना हूं। मैं उस सुबह मुख्यमंत्री का पद संभालने के दिन को नहीं भूल सकता, भले ही आप सब भूल गए हों। अहिल्याबाई होल्कर पर बुधवार को एक 'कॉफी टेबल बुक' का विमोचन करने के बाद फडणवीस ने ये बात कही।

फडणवीस ने कहा, "मेरे परिचय में कहा गया था कि मैं दूसरी बार मुख्यमंत्री बना हूं। यह दूसरी बार नहीं, बल्कि तीसरी बार है।" दरअसल, 2019 में विधानसभा चुनाव के बाद जब बीजेपी और अविभाजित शिवसेना के बीच गठबंधन टूट गया, तब फडणवीस और अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजित पवार ने क्रमशः मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। हालांकि, यह सरकार केवल तीन दिन ही चली थी। बता दें कि अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती 31 मई को मनाई जाएगी।

सुशासन और सामाजिक सुधारों के लिए मशहूर इंदौर की रानी अहिल्याबाई का जन्म पश्चिमी महाराष्ट्र के वर्तमान अहिल्यानगर जिले (पूर्व में अहमदनगर) के जामखेड तालुका के अंतर्गत चौंडी में हुआ था। वरिष्ठ पत्रकार अंबरीश मिश्रा द्वारा लिखित और संपादित 'कॉफी टेबल बुक' का हवाला देते हुए फडणवीस ने अहिल्याबाई को एक प्रशासक के रूप में वर्णित किया, जिन्होंने भारतीय संस्कृति के स्मारकों का पुनर्निर्माण किया।

फडणवीस ने कहा, "इतिहास में उनका योगदान अमूल्य है। आज हमें गर्व है कि दो महिला अधिकारियों (कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह) ने देश को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी, लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि अहिल्याबाई ने अपनी सेना में एक महिला बटालियन भी बनाई थी। वह एक आदर्श शासक थीं।"

# लिफ्ट में कुत्ते ने किया हमला

## > मालिक को कोर्ट ने सुनाई जेल की सजा



**मुंबई.** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक व्यक्ति के पालतू कुत्ते ने उसके पड़ोसी को काट लिया. ये मामला शहर के वर्ली स्थित अपार्टमेंट का है. अब इस मामले में कोर्ट ने 40 साल के व्यक्ति को चार महाने की कठोर कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगया है. इस मामले में आरोपी व्यक्ति का नाम ऋषभ पटेल है.

कोर्ट ने उसे जानबुझकर चोट पहुंचाने और पालतू जानवर के साथ लापरवाही बरतने के आरोप में दोषी ठहराया है. इस मामले में पीड़ित का नाम रमेश शाह है. ये घटना वर्ली स्थित अपार्टमेंट में उस समय घटी जब वहां लिफ्ट का दरवाजा खुला. जानकारी के अनुसार, पीड़ित रमेश शाह, उनका देढ़ साल का बेटा और घरेलू नौकर अनुज सिंह चौथी मंजिल से नीचे आ रहे थे.

इसी दौरान रमेश शाह ने ऋषभ पटेल से कहा कि उनका बेटा कुत्तों से डरता है. इसलिए वो थोड़ी देर लिफ्ट में चढ़ने से रुक जाएं, लेकिन पटेल ने रमेश शाह की बात को अनसुना कर दिया और अपने कुत्ते हस्की को जबरन खींचते हुए लिफ्ट में प्रवेश कर लिया. इसके बाद हस्की ने रमेश शाह की बांह पर काट लिया. फिर वो अपने बेटे और नौकर के साथ बाहर निकल गए, लेकिन ऋषभ पटेल ने उनका पीछा करते हुए कहा कि उनको जो करना है कर लें. फिर शाह ने अपना इलाज करवाया. बाद में पुलिस में शिकायत दी.

इस पूरे मामले में मजिस्ट्रेट सुहास भोसले ने कहा कि सासीटीवी में साफ तौर पर आरोपी को अपने कुत्ते को जबरन लिफ्ट में घसीटते देखा जा सकता है. इससे साफ पता चलता है कि उसे न तो लिफ्ट में मौजूद लोगों की चिंता थी और न ही अपने पालतू जानवर की.

कोर्ट ऐसे काम के लिए वो आरोपी से बहुत नरमी से पेश नहीं आ सकती. इस मामले की सुनावाई के दौरान पीड़ित और उनके नौकर ने बयान दिए. बचाव पक्ष की ओर से इलाज में देरी करने और शुरुआती तौर पर ऐंटी-रेबीज इंजेक्शन न लेने की बात कही गई और बचाव की कोशिश की गई, लेकिन कोर्ट ने गवाहों के बयान को विश्वसनीय माना और आरोपी को सजा सुना दी.

# मुंबई में पटरियों पर भरा पानी, सड़कें हुईं लबालब, 21 लोगों की मौत



**मुंबई.** राज्य में मानसून ने समय से पहले ही दस्तक दे दी है. राज्य के कई कई जिलों में मूसलाधार बारिश हो रही है. जिसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. सड़के पानी से लबालब हो गई है. चारों तरफ सिर्फ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है. महज चंद दिनों की इस बारिश में राज्य में अलग-अलग स्थानों पर अब तक 21 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग जख्मी हो गए. इस साल राज्य में मानसून तय तारीख से 15 दिन पहले पहुंच गया. आमतौर पर 11 जून से बारिश की शुरुआत होती है लेकिन इस बार 25 मई को सिंधुदुर्ग जिले में बारिश की शुरू हो गई और 26 मई तक मानसून मुंबई तक भी पहुंच गया. 1950 के बाद से पहली बार इसका इतनी जल्दी आगमन हुआ है. जिसके साथ ही मई में सबसे ज्यादा बारिश का 107 साल का रिकॉर्ड टूट गया. मौसम विभाग के मुताबिक अरब सागर पर बना कम दबाव का क्षेत्र चक्रवात बनने की ओर था लेकिन वह डिप्रेशन में बदल गया और रत्नागिरी से लगभग 40 किमी उत्तर और दापोली के दक्षिण में जमीन से टकरा गया, जिसकी वजह से पुणे और सतारा में बीते 24 मई को मूसलाधार बारिश हुई. बारिश के चलते राज्य में अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं कई लोग जख्मी हुए हैं. इसके साथ ही करीब, 22 पशुओं की भी मौत हुई है. हालात को संभालने के लिए एनडीआरएफ की 18 टीमें राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात की गई हैं. जिनमें रायगढ़, ठाणे, सातारा, सिंधुदुर्ग, कल्याण और रनागिरी शामिल हैं. वहीं सांगली, कोल्हापुर और मुंबई में भी जल्द ही टीमें पहुंचेंगी. राज्य में बिजली गिरने से 8 जबकि 5 लोगों की मौत पानी में डूबने से हुई है. तेज हवा के कारण पेड़ गिरने से 4 लोगों की जान चली गई वहीं दीवार गिरने के 3 लोगों की मौत हुई है. जबकि एक की मौत अन्य कारण से हुई है.

# स्वदेशी जागरण मंच करेगा स्वदेशी मुहीम की शुरुआत

**मुंबई.** प्रधानमंत्री द्वारा विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भरता पर जोर देने की बात कहने पर आरएसएस के सहयोगी संगठन स्वदेशी जागरण मंच ने कहा 9 करोड़ व्यापारियों को साथ में लेकर स्वदेशी जन जागरण मंच लोगों में जन जागृति करेगा। स्वदेशी मंच ने कहा कि विदेशी ई प्लेटफॉर्म मार्केटिंग कंपनियों से खरीदारी न करे, स्वदेशी प्लेटफार्म मार्केटिंग कंपनियों का इस्तेमाल किया जाए इसका प्रचार प्रसार करेंगे।

इस मुहिम मे आरएसएस के सहयोगी संगठन स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय मजदूर संघ, लघु उद्योग भारती, ग्राहक पंचायत, सहकार भारती सभी स्वदेशी जागरण मंच के संकल्प को आगे ले कर चल रहे है. आरएसएस के सहयोगी संगठन स्वदेशी जागरण मंच का कहना है कि प्रधानमंत्री ने दो दिन पूर्व जिस तरीके से विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भरता पर जोर देने की बात कही तो ऐसा लग रहा था कि स्वदेशी जागरण मंच का कोई कार्यकर्ता लोगों को उद्बोधन कर रहा है। यह बात स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धनंजय भिड़े ने कही। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच का कहना है कि अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों में से यह पहले प्रधानमंत्री हैं जो इतनी स्पष्ट तौर पर स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल करने की बात कर रहे हैं, तमाम मुख्यमंत्रियों को भी इस तरीके का आदेश देना चाहिए कि सभी अपने राज्यों में स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की बात करें।

# मंदिरों पर मेहरबान महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने मंदिरों के लिए खजाना खोल दिया है। बुधवार को 2,954 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न स्मारकों और मंदिरों के संरक्षण और विकास योजनाओं को मंजूरी दे दी। इनमें से कई योजनाएं राज्य के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों से जुड़ी हैं और आने वाले वर्षों में उनके कायाकल्प का रास्ता प्रशस्त करेंगी। अठारहवीं शताब्दी की वीरांगना रानी अहिल्यादेवी होल्कर की जन्मस्थली चौंडी (अहिल्यानगर) में बने स्मारक के संरक्षण और विकास के लिए 681.3 करोड़ रुपये की योजना को स्वीकृति दी गई है। यह निर्णय 6 मई को अहिल्यानगर में आयोजित राज्य कैबिनेट बैठक में लिया गया था और रानी की 300वीं जयंती के मद्देनज़र इसे विशेष महत्व दिया जा रहा है। यह परियोजना तीन वर्षों में पूरी की जानी है।

# हत्या का आरोपी ऑटोचालक 24 साल बाद गिरफ्तार



**पालघर.** गुनाह किसी से छिपता नहीं है और आरोपी कितना भी शातिर क्यों न हो कभी- न कभी कानून के शिकंजे में फंस ही जाता है। ऐस ही एक मामला महाराष्ट्र के पालघर जिले में सामने आया है। पालघर पुलिस ने एक ऑटोरिक्शा चालक को किराये को लेकर 2001 में हुए विवाद में एक यात्री की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस की अपराध शाखा इकाई-तृतीय ने इस "ठंडे बस्ते में चले गए मामले" पर फिर से विचार करने का निर्णय लिया, जिसके बाद आरोपी हारुन अली मुस्तकिन अली सैय्यद (43) को सोमवार को तलासरी से हिरासत में लिया गया।

वरिष्ठ निरीक्षक शाहूराज रानावरे ने बताया कि पीड़ित मोहर्रम अली मोहम्मद इब्राहिम अली (56) की 14 अक्टूबर 2001 को आरोपी द्वारा बार-बार चाकू घोंपने के एक घंटे के भीतर ही मौत हो गई थी। यह घटना ऑटो किराये को लेकर हुए झगड़े के बाद हुई थी। अधिकारी ने बताया कि तब से उसका कोई पता नहीं चल पाया था। उन्होंने कहा, "हमारी इकाई ने करीब पांच महीने पहले ठंडे बस्ते में चले गए इस मामले की सक्रियता से जांच शुरू की।

# किसी भी सर्जिकल स्ट्राइक की जानकारी नहीं: केंद्रीय मंत्री अठावले



**मुंबई.** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने गुरुवार को कहा कि उन्हें मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान की गई किसी भी सर्जिकल स्ट्राइक की जानकारी नहीं है और इस बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर जरूरी था। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश को आतंकवादियों का समर्थन करना बंद कर देना चाहिए और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत को वापस सौंप देना चाहिए। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा बनने से पहले अठावले की रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) का घटक दल थी। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए अठावले ने कहा, "इससे पहले नरेंद्र मोदी सरकार के दौरान ही एक और सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी। कांग्रेस नेता कह सकते हैं कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सर्जिकल स्ट्राइक की गई थी। लेकिन ऐसी कोई जानकारी नहीं है। मैं उस समय कांग्रेस में था और यूपीए का हिस्सा था। मुझे ऐसी किसी सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अठावले ने कहा, "पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर जरूरी था। इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोई जरूरत नहीं है। पीएम मोदी इसका राजनीतिकरण नहीं कर रहे हैं।"

# पकड़ा गया फर्जी 'आर्मी मैन'

**पुणे.** सेना की वर्दी पहनकर घूम रहे एक धोखेबाज को पुणे में सैन्य खुफिया (मिलिट्री इंटेलिजेंस) और पुणे पुलिस के एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी मंगलवार को बिशप स्कूल के पास हुई, जिसके बाद पुणे के लश्कर पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान अभिषेक भोसले, पुत्र शिवाजी भोसले के रूप में हुई है। वह खुद को सेना का सक्रिय सदस्य बताकर लश्कर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों को गुमराह कर रहा था। पुणे में तैनात मिलिट्री इंटेलिजेंस टीमों और साउदर्न कमांड मिलिट्री पुलिस यूनिट ने स्थानीय पुलिस को आरोपी की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सतर्क किया था।


## महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग, नागपूर

### निविदा सूचना क्रमांक ०३ सन २०२५-२०२६ (प्रथम मागणी)

खनिज विकास निधी अंतर्गत बिना पाणी पुरवठा योजना, तालुका कामठी जिल्हा नागपूर (पूर्ण ठेव तत्वावर) या कामाची ई-निविदा मजीप्रा कडून मागविण्यांत येत आहे. कामाची अंदाजित किंमत रु ७३,०२,३४१/- आहे. सदर निविदेचा सविस्तर तपशील दि. ०३/०६/२०२५ पासून www.mahatenders.gov.in या वेबपोर्टलवर उपलब्ध करुन देण्यांत आलेला आहे.

निविदा प्रक्रिया कार्यक्रमाचा सर्व तारखा www.mahatenders.gov.in या वेबपोर्टलवर अपलोड करण्यांत आलेल्या ऑनलाईन निविदा सुचनेनुसार राहतील.

कार्यकारी अभियंता
मजीप्रा विभाग, नागपूर

क्र. संमावज/ नाग/ 126/ 2025


# पहले खून बदला, अब किडनी रैकेट!

## आरोपी डॉक्टर पर नए आरोप



### यरवदा जेल में बंद है आरोपी डॉक्टर

❐ डॉक्टर अजय टावरे इस समय पुणे की यरवदा जेल में बंद है. वह पुणे के ससून जनरल अस्पताल का पूर्व चिकित्सा अधीक्षक रह चुका है, लेकिन पुणे पोर्श केस में नाबालिग को बचाने में इसका भी बहुत बड़ा रोल था. घटना के बाद जब नाबालिग को पुलिस मेडिकल के लिए हॉस्पिटल ले गई तो इसने पैसे के लालच में नाबालिग का ब्लड सैंपल ही बदल दिया, जिससे उसकी मेडिकल रिपोर्ट में अल्कोहल की पुष्टि ही नहीं हुई, जबकि नाबालिग ने नशे में इंजीनियर युवक-युवती को टक्कर मारी थी.

**पुणे.** पुणे पोर्श केस का आरोपी डॉक्टर अजय टावरे अब एक नए कांड में फंस गया है. अजय टावरे पर आरोप है कि वह किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट चला रहा था. अजय टावरे को गुरुवार को पुणे पुलिस ने इस केस के सिलसिले में जेल से ही गिरफ्तार कर लिया गया. डॉ. अजय टावरे पोर्श केस में ही इस समय यरवदा जेल में बंद है. उसने ही 17 साल के नाबालिग लड़के को बचाने के लिए उसके ब्लड सैंपल के साथ छेड़छाड़ की थी. आरोप था कि इससे लिए उसे मोटी रकम दी गई थी. डीसीपी (क्राइम) निखिल पिंगले ने बताया कि गुरुवार को किडनी रैकेट केस में डॉ. अजय टावरे को गिरफ्तार किया गया है. पूछताछ के बाद आज ही उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा. डीसीपी ने बताया कि एक निजी अस्पताल रूबी हॉल क्लीनिक में 2022 किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट चलाया जा रहा था. 2022 में डॉ. अजय टावरे क्षेत्रीय प्राधिकरण समिति के प्रमुख थे, जिन्होंने रूबी हॉल क्लीनिक में किडनी ट्रांसप्लांट को मंजूरी दी थी. मई 2022 में पुलिस ने उसी वर्ष मार्च में किए गए प्रत्यारोपण के दौरान कदाचार के आरोपों के बाद रूबी हॉल क्लीनिक के प्रबंध ट्रस्टी और कर्मचारियों सहित 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था. जांचकर्ताओं के अनुसार, कोल्हापुर की एक महिला को एक पुरुष किडनी प्राप्तकर्ता की पत्नी के रूप में झूठ बोलने के लिए 15 लाख रुपए देने का वादा किया गया था. उसने अपनी किडनी एक युवती को दान कर दी, जबकि युवती की मां ने अपनी किडनी उस आदमी को दान कर दी.

## आज का राशिफल

**मेष.** गुरु द्वितीय व चन्द्रमा भाग्य भाव में रहेंगे। जॉब में अपने परफॉर्मेंस को लेकर खुश रहेंगे। छात्र पढ़ाई पर ज्यादा ही समय दे क्योंकि आपका वर्क भी महत्वपूर्ण है।

**वृषभ-** जॉब में नवीन प्रोजेक्ट्स मिलने की सम्भावना है। चन्द्रमा अष्टम हेल्थ को लेकर थोड़ा डिस्टर्ब करेंगे। छात्र अपने करियर के प्रति सिंसियर रहेंगे।क्रोध व इमोशन पर संयम रखें।

**मिथुन-** चन्द्रमा सप्तम हैं। आज व्यवसाय से सम्बंधित कुछ नवीन बड़ा कार्य होने वाला है। छात्रों का करियर सफल रहेगा।

**कर्क-** चन्द्रमा खष्ठम व नवम गुरु व्यवसाय के लिए बहुत बेहतर है। जॉब में प्रोग्रेस का समय आ गया है। धन के आगमन व व्यय का असंतुलन परेशान करता है।

**सिंह-** चन्द्रमा पंचम रहेंगे। छात्र सफल रहेंगे। बिजनेस को लेकर खुश रहेंगे। जॉब में वर्क के दबाव के बाद भी टेंशन किसी समस्या का समाधान नहीं करता।

**कन्या-** चन्द्रमा चौथे भाव में रहेंगे।घर परिवार के प्रति लापरवाही मत हो। जॉब में लाभ संभावित है। न्यू बिजनेस डील आपको सफल करेगी।

**तुला-**चन्द्रमा तृतीय रहेंगे। गुरु व शनि अनुकूल हैं। जॉब में परिवर्तन का विचार कई दिनों से आपको डिस्टर्ब कर रहा है। जॉब चेंज सम्बंधित निर्णय लेने के लिए अभी गहन विचार की आवयश्कता है।

**वृश्चिक-** चन्द्रमा द्वितीय गोचर में व शनि मीन में धन वृद्धि को सफल बनाएंगे मित्रों संग धार्मिक यात्रा का सुख मिलेगा। मन आध्यत्मिक उन्नयन से आनंदित व ऊर्जा से भरा रहेगा।


**धनु-** आज चन्द्रमा इसी राशि में रहेंगे। न्यू बिजनेस डील के लिए डिसीजन मेकिंग पॉवर को बेहतर करेंगे। स्टूडेंट्स अपने स्टडी को लेकर सीरियस रहेंगे।

**मकर-** एकादश चन्द्रमा व्यावसायिक लाभ देंगे। बिजनेस में कार्यों की अधिकता में मन का संतुलन बहुत जरूरी है। आप एक आशावादी व मनोबल के धनी व्यक्ति बनें।

**कुम्भ-** चन्द्रमा एकादश भाव में है। शनि इस समय इसी राशि से द्वितीय में हैं। सिस्टेमेटिक जॉब वर्क करने से आप अपने प्रोजेक्ट को सही समय पर पूरा कर लेंगे।

**मीन-** चन्द्रमा दशम बिजनेस में प्रोग्रेस के रास्ते देंगे। व्यवसाय में कुक नवीन कार्यों को लेकर खुश रहेंगे। अपनी कार्य पद्धति को सही दिशा देंगे जिसमें आपके सहयोगियों का बहुत योगदान रहेगा

# जासूसी के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार



**मुंबई.** सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) को प्रतिबंधित क्षेत्र के बारे में जानकारी प्रदान करने के आरोप में एटीएस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक मुंबई एटीएस को गोपनीय रूप से यह सूचना मिली थी कि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) को प्रतिबंधित क्षेत्र और सेंसिटिव इलाकों की जानकारी प्रदान कर रहे हैं। इसके बाद एटीएस ने मिली सूचना के आधार पर एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान जांच एजेंसियों को पता चला कि इस संदिग्ध व्यक्ति की मुलाकात साल 2024 नवंबर के महीने में सोशल मीडिया के माध्यम से पीआईओ से हुई। एटीएस की जांच में यह पता चला कि संदिग्ध आरोपी साल 2024 से लेकर मार्च 2025 तक गोपनीय इलाकों की जानकारी पीआईओ को व्हाट्सएप के जरिए उपलब्ध कराता था। इस मामले में संदिग्ध आरोपी और उसके साथ संपर्क में रहे दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एटीएस की जांच के आधार पर मुंबई से सटे ठाणे जिले में गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धारा 3(1)(बी), 5(ए) और भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल एटीएस इस मामले में अधिक जांच कर रही है। आतंकवाद विरोधी दस्ता इस प्रकरण में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रहा है। बता दें कि देश के कई हिस्सों से संदिग्ध जासूसों पर शिकंजा कसा है। इससे पहले अभी हाल में ही कांगड़ा पुलिस ने जासूसी के संदेह में 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। अभिषेक भारद्वाज, जो कॉलेज ड्रॉपआउट है और कांगड़ा के सुखार का रहने वाला है, को बुधवार को उसके घर से हिरासत में लिया गया।


## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

NPL DR. NANDI PATH LAB — Committed to your Wellness. OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE. DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho) Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE. Mobile No.: 8767516249 | 7420869774. Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

अल्का ब्युटी पार्लर — अलग-अलग प्रकार के फेशियल, थ्रेडिंग • वैक्सींग • स्पा ट्रिटमेंट हेअर एवं बॉडी, हिना ट्रिटमेंट • ब्लीचिंग • मेहंदी ऑर्डर, मॅनीक्यूर-पेडिक्यूअर • स्कीन ट्रिटमेंट, हेअर पमिंग नेल ट्रिटमेंट • हेअर कटिंग, पींपल ट्रिटमेंट • त्वचा (स्कीन) केअर, मेकअप • हेअर कलरिंग साडी स्टाईल्स, यहाँ ब्युटी पार्लर कोर्सेस के क्लासेस लिये जाते हैं। अल्का वि. लाडे 9373108897 / 9373531205, प्लॉट नं. 57-सी, एम्प्रेस मिल क्वॉ. नं. 15 के पीछे, बेझनबाग, नागपुर

तुळजाभवानी ट्रेडर्स — कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी. हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है। ठोक व चिल्लर विक्रेता. JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है. M.: 7987262970 | 9175172712

SWARNATYA MUSIC ACADEMY — Learn Music with Proper Exam Facility. Classes Conducted for: Vocal Classical Singing, Light Music (with Karaoke), Zumba, Yoga, Crochet, Macrame, Drawing, Paper Crafts. <: Contact :> Mob - 9975757706, 9561674780. Adress : Plot no 212, Bengali Society, Kasturba Nagar, Jaripatka, Nagpur

• 15 जून आगरा मथुरा वृंदावन • 9 सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्रा • 10 ऑगस्ट गुजरात राजस्थान. संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे 7498753939, 93095 96390, 8698495200, 9823454945

ADMISSION OPEN ... PUBLIC SCHOOL — NURSERY to Std. IX. OUR FACILITY: Computer Lab • Cricket, Karate Class • Swimming Pool, Skating Class • Basket Ball. M. 8087955831 8956785080. Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

AVANI SOLAR SYSTEM — GSTIN No.: 27AHYPY4738N1ZX. VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor. AU Avani Udyog (MSEDCL Approved Vendor). Office Address: Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001. E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com. Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631. Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

इंग्लिश स्पीकिंग — E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY, Talkative, Funny & Tricky. Morning / Evening BATCHES. अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से. हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है। > STUDENTS > TEACHERS > HOUSEWIVES > JOB SEEKERS. NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM. 9960462058,7498325477. नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी. डॉ. (प्रा.) अभिषेक चिमणकर

ZOREN PROPERTY DEALERS — हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है. अफसर खान M. 9371381114, 7038696893. सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर — विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बँड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड. उमेश्वर शामकुंवर M.9326760744. तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

नसीब प्रिंटींग प्रेस — एस. सुधीर मो. 9372855880. डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड, शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प, बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब, रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग. प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

अंकित एंटरप्राइजेस — आनंद ठेकेदार : 7219847962. बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर. हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे। "सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी



**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

## सुविचार

जिस तरह दीपक अंधकार में उजाला करता है, उसी तरह एक अच्छा विचार जीवन में आशा और दिशा को आलोकित करता है।

## संपादकीय

# भारत की दो टूक



सिंधु जल संधि पर भारत का सख्त रुख, आतंकवाद और पानी साथ नहीं चल सकते सिंधु जल संधि पर भारत का सख्त रवैया पाकिस्तान के लिए साफ संदेश है कि अब सीमा पार आतंकवाद पर गोलमोल बातें नहीं चलेंगी। इस्लामाबाद को अगर पानी चाहिए तो उसे आतंकियों को समर्थन देने की अपनी नीति छोड़नी होगी। पानी और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। भारत ने पहली बार सिंधु जल समझौता स्थगित किया है। यहां तक कि 1965, 1971 और करगिल युद्ध के दौरान भी समझौता जारी रहा। इसी वजह से पाकिस्तान को भ्रम हो गया था कि उसकी तरफ से उकसावे की चाहे जितनी भी कार्रवाई हो, पानी तो मिलता ही रहेगा।

लेकिन, पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने नई दिल्ली के सब्र का बांध तोड़ दिया। बॉर्डर पर समझौते के बाद पाकिस्तान चाहता है कि सिंधु जल संधि भी बहाल हो जाए, लेकिन विदेश मंत्री जयशंकर ने बिल्कुल सही कहा है कि पहले सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना होगा। वैसे भी बात इस संधि को निलंबित रखने या बहाल करने भर की नहीं है, वक्त है इसे पूरी तरह रिव्यू करने का। दोनों देशों के बीच 1960 में यह समझौता हुआ था। भारत ने मानवता दिखाते हुए पाकिस्तान के पक्ष में ज्यादा पानी की बात मान ली थी।

इस संधि की वजह से सिंधु का 70% पानी पाकिस्तान को मिलता है और उसकी 80% खेती व करीब एक तिहाई हाइड्रो पावर प्रॉजेक्ट इसी पर निर्भर हैं। 1960 से लेकर अब तक हालात काफी बदल चुके हैं। जब समझौता हुआ, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि नई सदी में दुनिया के सामने क्लाइमेट चेंज की चुनौती होगी। इसके अलावा, भारत की इकॉनमी तेजी से बढ़ रही है। उसकी पानी और एनर्जी की अपनी जरूरतें हैं।

पुराने समझौतों के आधार पर सिंधु जल संधि जारी रखना न तो संभव होगा और न सही। ट्रीटी में कोई भी बदलाव आपसी रजामंदी से ही किया जा सकता है। इसी वजह से भारत ने पहले भी प्रस्ताव रखा था कि संधि पर नए सिरे से बात की जाए, पर पाकिस्तान ने इसे स्वीकार नहीं किया। उल्टे वह जम्मू-कश्मीर की किशनगंगा और रतले जल विद्युत परियोजनाओं पर एतराज करता आया है। वह इस मामले को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन में ले जा चुका है।

पाकिस्तान की मांग एकतरफा है। वह चाहता है कि सिंधु में पानी बहता रहे, लेकिन न तो उसे उचित बंटवारे पर बात हो और न आतंकवाद पर उसे कोई एक्शन लेना पड़े। उसने शिमला एग्रीमेंट समेत दूसरे द्विपक्षीय समझौतों को न मानने की भी धमकी दी है। उसके इस अड़ियल रवैये से तनाव बढ़ेगा ही और नुकसान भी उसे ही ज्यादा होगा।

नसीम ग़ाज़ी फ़लाही

शुक्रवार स्पेशल

# तन-मन से लेकर इबादतगाह, सम्मेलन, संगोष्ठी और रास्ते आदि की साफ़-सफ़ाई में चहुंमुखी स्वच्छता का पाठ पढ़ाया है इस्लाम ने



ख़ुदा के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ''मस्जिद में थूकना ग़लती है, और वह तभी माफ़ हो सकती है जब उसे साफ़ कर दिया जाए।'' (हदीसः बुखारीः 415, मुस्लिम -552), इधर-उधर थूकना एक नापसन्दीदा काम है और सफ़ाई- सुथराई और पाकी के ख़िलाफ़ है, इसे कोई भी व्यक्ति पसन्द नहीं करता, बल्कि ऐसा करने वाले व्यक्ति को नफ़रत की निगाह से देखा जाता है। अनुचित जगह थूकना एक बुरी बात है और मस्जिद तथा इबादतगाहों में थूकना तो और भी बुरा है। क्योंकि मस्जिद तो नमाज़ पढ़ने, ख़ुदा को याद करने और ख़ुदा से दुआएँ करने का पवित्र स्थान है। किसी को ऐसी जगह हरगिज़ नहीं थूकना चाहिए, बल्कि अगर कहीं थूक या कोई दूसरी गन्दी चीज़ नज़र आए तो उसे साफ़ कर देना चाहिए। पैग़म्बर मुहम्मद सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम की बीवी हज़रत आइशा रज़ि. से रिवायत है कि ''पैग़म्बर सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम ने काबा की दीवार पर थूक या बलग़म लगा हुआ देखा तो उन्होंने रगड़कर उसे साफ़ कर दिया।''

(हदीसः बुख़ारी-407, मुस्लिम-549), एक बार ख़ुदा के पैग़म्बर (सल्ल.) ने फ़रमाया कि ''ये मस्जिदें पेशाब और दूसरी गन्दगियों के लिए उचित नहीं, क्योंकि ये तो ख़ुदा को याद करने, नमाज़ पढ़ने और पवित्र क़ुरआन पढ़ने के लिए हैं।'' (हदीसः मुस्लिम -258), मस्जिदों में नमाज़ पढ़ने के लिए चटाईयाँ और दरियाँ बिछाई जाती हैं, उनको धूल-मिट्टी से बराबर साफ़ करते रहना चाहिए। इसी तरह मस्जिद की अलमारियों और ताक़ों और उनमें रखे हुए क़ुरआन मजीद के नुस्ख़ों वग़ैरा की सफ़ाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। आजकल मस्जिदों में वुज़ूख़ाने बने होते हैं, उनकी सफ़ाई का भी पूरा-पूरा इन्तिज़ाम होना चाहिए। इसी तरह मस्जिदों के बाहर या उनसे सटे हुए पेशाबख़ाने, शौचालय बनाए जाते हैं, उनकी सफ़ाई का भी पूरा ध्यान रखना ज़रूरी है। मस्जिद या ऐसी जगह जाने से पहले जहाँ बहुत से लोग इकटटा होते है, बू वाली चीज़ों के खाने से बचना चाहिए। पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद (सल्ल.) ने ऐसी चीज़ों को खाने से मना किया है जिनको खाने के बाद उनकी बू बाक़ी रहती है और दूसरे लोगों को इससे नफ़रत या तकलीफ़ होती है। जैसे कच्चा लहसुन, प्याज़ आदि। ख़ास तौर से मस्जिद या ऐसी जगह जाने से पहले जहाँ बहुत से लोग इकटटा होते है, ऐसी चीज़ों को खाने से परहेज करना चाहिए। अगर किसी से मुलाक़ात करने जा रहे हों तब भी इस तरह की चीज़ों को खाकर नहीं जाना चाहिए। इस्लाम की यही शिक्षा है। हज़रत अनस (रज़ि) बयान करते हैं कि ख़ुदा के पैग़म्बर सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ''जो व्यक्ति इस तरकारी (यानी कच्ची प्याज़, लहसुन, मूली आदि) को खाकर आए, तो वह हमारे क़रीब न आए और न वह हमारे साथ नमाज़ पढ़ें।'' (हदीसः बुख़ारी-856, मुस्लिम-562), हज़रत मुआविया-बिन-क़ुर्रा अपने बाप से रिवायत करते हैं कि ''ख़ुदा के पैग़म्बर (सल्ल.) ने इन दो तरकारियों लहसुन और प्याज़ से मना किया है और कहा है कि जो शख़्स उनको खाए वह हमारी मस्जिद के क़रीब न आए। और आप (सल्ल.) ने फ़रमाया, कि अगर इनको खाना ज़रूरी हो तो पकाकर इनकी 'बू' को ख़त्म कर देना चाहिए।''

(हदीसः अबू-दाउद-3827), लहसुन-प्याज़ पकाकर खाई जा सकती है, क्योंकि पकाने से इनकी बू ख़त्म हो जाती है। ये कोई हराम चीज़ें नहीं हैं। इन्हें तेज़ बू वाली होने की वजह से केवल कच्ची खाने से मना किया गया है। बू वाली चीज़ों में तम्बाकू, बीड़ी और सिगरेट वग़ैरा भी आती हैं। इन चीज़ों के इस्तेमाल से बचना चाहिए और इनके इस्तेमाल के फ़ौरन बाद मस्जिद में नहीं जाना चाहिए। क्योंकि इनकी बू काफ़ी देर तक बाक़ी रहती है और इससे दूसरे लोगों को तकलीफ़ होती है। मस्जिदें नमाज़ और इबादतों का पवित्र स्थान होती हैं, इबादत (उपासना) के लिए पाकी (पवित्रता , स्वच्छता) बहुत मायने रखती है। मुस्लिम समुदाय द्वारा पढ़ी जाने वाली नमाज़ इस्लाम की एक बड़ी अहम इबादत है। इसके बिना कोई इन्सान ख़ुदा की नज़र में मुसलमान कैसे हो सकता है? मुसलमान होने के लिए ज़रूरी है कि नमाज़ पाबन्दी से अदा की जाए। यानी दिन में कम-से-कम पाँच बार नमाज़ ज़रूर पढ़ी जाए। इस बड़ी और अहम इबादत के लिए ज़रूरी है कि नमाज़ पढ़ने वाला पाक और साफ़ हो, उसके कपड़े भी पाक-साफ़ (पवित्र और स्वच्छ) हों और जिस जगह नमाज़ पढ़ी जाए वह जगह भी पाक-साफ़ हो। इसीलिए पवित्र क़ुरनआन मजीद में नमाज़ के लिए वुज़ू करने का हुक्म दिया गया है कि ''ऐ ईमानवालो! जब तुम नमाज़ के लिए उठो तो तुम्हें चाहिए कि अपने मुँह और हाथों को कोहनियों तक धो लो। सिर पर मसह कर लो (यानी हाथ गीले करके सिर पर फेर लो) और पाँव टख़नों तक धो लो।'' (क़ुरआन, सूरा-5 माइदा, आयत-6) पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि ''बग़ैर वुज़ू के नमाज़ क़बूल नहीं होती।'' (हदीसः मुस्लिम- 224), नबी (सल्ल.) ने एक मौक़े पर फ़रमाया कि ''जन्नत की कुंजी नमाज़ है और नमाज़ की कुंजी पाकी व सफ़ाई (वुज़ू) है।'' (हदीसःमुसनद अहमद-3330) हज़रत इब्ने उमर (रज़ि.) रिवायत करते हैं कि पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद (सल्ल0) ने फ़रमाया कि ''स्वच्छता और पवित्रता (पाकी) के बिना नमाज़ क़बूल नहीं होती और हराम (अवैध) माल का दान (ख़ुदा के यहाँ) स्वीकार नहीं होता।''

(हदीसः मुस्लिम- 224), इस हदीस में ख़ुदा के पैग़म्बर (सल्ल.) ने तन के साथ-साथ मन की सफ़ाई पर भी ज़ोर दिया है। दान (सदक़ा) करने से इन्सान का मन स्वच्छ होता है और उसको दिली सुकून हासिल होता है। लेकिन अगर कोई व्यक्ति हराम और अवैध माल का सदक़ै (दान) करता है तो उससे यह फ़ायदा हासिल नहीं हो सकता। हराम माल से दान करना ऐसा ही है जैसे कोई गंदे और अपवित्र पानी से सफ़ाई और पाकी हासिल करे। गंदे पानी से कभी पाकी हासिल नहीं हो सकती। इस मौक़े पर एक हदीस का ज़िक्र करना ज़रूरी महसूस होता है, जिसमें पैग़म्बर (सल्ल.) ने नमाज़ को इन्सान की अन्दरूनी और ज़ाहिरी दोनों पाकी का बेहतरीन ज़रिआ क़रार दिया है। फ़रमाया कि ''तुम्हारा क्या ख़याल है, अगर तुमें से किसी के दरवाज़े पर कोई नहर हो जिसमें वह रोजाना पांच बार नहाता हो, तो क्या उसके जिस्म पर कुछ भी मैल-कुचैल बाक़ी रहेगा?'' लोगों ने कहा,''कुछ भी मैल-कुचैल बाक़ी नहीं रहेगा।''

तब पैग़म्बर (सल्ल.) ने फ़रमाया, ''यही मिसाल पाँचों वक़्तों की नमाज़ की है। ख़ुदा उनके ज़रिए से ग़लतियों को माफ़ फ़रमाता रहता है।'' (हदीसः अबू-दाउद-2868), ''जब कोई इन्सान दिन-भर में पांच वक़्त की नमाज़ पढ़ेगा और उसके लिए अच्छी तरह वुज़ू करेगा तो इससे उसकी ज़ाहिरी गन्दगी दूर होगी।

जब वह नमाज़ में ख़ुदा को याद करेगा उससे अपनी ग़लतियों की माफी मांगेगा, आइन्दा गुनाह न करने और नेकी व भलाई का काम करने का वादा और अहद करेगा तो इससे उसके अन्दर की गन्दगी दूर होगी और वह हर तरह से पाक-साफ़ इन्सान बन जाएगा। इस तरह मुस्लिम समुदाय को इन पवित्र उपदेशों पर तवज्जो देना चाहिए।

इस्लाम ने तन मन से लेकर इबादत गाहों, सम्मेलन, संगोष्ठी स्थलों और रास्ते आदि की साफ़-सफ़ाई में चहुंमुखी स्वच्छता की पुरज़ोर तरीक़े से आवाज़ उठाई है। स्वच्छता को वह पहली प्राथमिकता देता है लेकिन आश्चर्य हे कि हम उसके सैद्धांतिक पहलुओं को यूं ही नज़रंदाज़ कर देते हैं।

## लघुकथा

डॉ. लोक सेतिया

# दहेज के बिना अमीर रिश्ता और बेटी की असमंजस

"बेटी तू भाग्यशाली है जो इतने अमीर खानदान से तेरे लिए रिश्ता आया है. बिना किसी दहेज के ही उन्हें केवल दुल्हन ही चाहिए फिर भी हम-जैसे मध्यमवर्गीय परिवार से खुद आगे बढ़कर लड़की का हाथ मांग रहे हैं. हम कब से इस चिंता में थे कि तुम्हारा और दूसरी बेटी का विवाह कैसे होगा, कहाँ से लाएंगे इतना दहेज?" मां अपनी बेटी को समझा रही है. "मगर माँ उसकी यह दूसरी शादी है. सुना है कि उसने पहली पत्नी को शादी के सालभर बाद ही जलाकर मार डाला था. कहीं मेरे साथ भी वैसा ही न हो जाए." डरी सहमी बेटी मां को मन की बात बता रही है."बेटी, घबरा मत. यह डर अपने मन से निकाल दे. भगवान जाने उन्होंने जलाया था या वह खुद ही जलमरी थी मगर उस केस से बड़ी मुश्किल से बच सके हैं वे. अब वे भूलकर भी अपनी बहू को कभी तंग करने की हिम्मत नहीं करेंगे. अब तो तुझे और अधिक लाड़ प्यार से रखेंगे ताकि उन पर कोई आरोप न लग सके और उन पर लगा पुराना इल्जाम भी झूठा साबित हो जाए." मां के अनुनय-विनय को सुनकर उसे इन बातों पर विश्वास चाहे न हुआ हो, पर अंततः उसने इस शादी के लिए अपनी हां कर ही दी.

## संस्मरण

इजाफ शैख़

# ईरान यात्रा संस्मरण - तेहरान में पहला जुमा

तेहरान विश्वविद्यालय देश के बुद्धिजीवियों का गढ़ माना जाता है। राष्ट्रीय चेतना के विकास और साम्राज्यवादी शक्तियों से संघर्ष के इतिहास में भी तेहरान विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शाह विरोधी आंदोलन और सुधारवादी प्रवृत्तियों की शुरुआत भी यहीं से हुई थी। इसमें शक नहीं कि तेहरान विश्वविद्यालय देश की नब्ज़ है। एक ज़माना था जब वहां वामपंथ का ज़ोर था, लेकिन अब ऐसा नहीं है, यह जरूर है कि इस्लामी क्रांति के बाद जो उदारवाद की लहर आयी है उसके सूत्र भी तेहरान विश्वविद्यालय में मिलते हैं। मुझे बताया गया कि तेहरान विश्वविद्यालय में जुमे की नमाज़ होती है। जिसे देखना आवश्यक है पहला सवाल तो दिमाग़ में यही उठा कि विश्वविद्यालय में क्यों होती है? क्या हर जगह की तरह यहां जुमा मस्जिद नहीं है? फिर सोचा हो सकता है विश्वविद्यालय में कोई बड़ी मस्जिद हो और वहां नमाज़ होती हो। यह भी संभव लगा कि शायद बुद्धिजीवियों के गढ़ में नमाज़ होने का कोई प्रतीकात्मक कारण हो। बहरहाल, यह तय कर लिया कि जाऊंगा। ख्याल था कि जुमे के दिन शहर में बसें न चलती होंगी। दुकानें बंद होंगी। आना-जाना कठिन होगा, पर फ्लैट से निकलते के बाद ऐसा नहीं लगा। मैं तेहरान विश्वविद्यालय के सामने वाली सड़क पर पहुंच गया। इधर-उधर जो बड़े चौराहे थे वहां ट्रैफ़िक बंद था, मेरा ख्याल था कि शायद विश्वविद्यालय परिसर के बाहर सड़क तक नमाज़ पढ़ने वाले होंगे। उसी तरह जैसे दिल्ली में जामा मस्जिद में जुमे के दिन नीचे सड़क तक नमाज पढ़ने वाले दरियां बिछाकर नमाज़ पढ़ते हैं। लेकिन यहां ऐसा न था। मैं विश्वविद्यालय जाने वाली मुख्य सड़क पर पैदल आगे बढ़ने लगा। पुलिस फ़ाटक तो पक्का इंतजाम था लेकिन सड़क खाली नजर आयी। विश्वविद्यालय के दो गेटों से लोग अंदर जा रहे थे। एक गेट से कारें अंदर जा रही थी और दूसरे गेट से पैदल जाने वाले जा रहे थे। पैदल जाने वालों का 'सिक्यूरिटी चेक' हो रहा था। मैंने यह भी देखने और समझने की कोशिश की कि नमाज़ पढ़ने वालों की भीड़ किस तरह के लोगों की है। लगा कि छात्र नहीं है। मध्यम और अधिकतर निम्न मध्य वर्ग के लोग हैं। बुद्धिजीवी नहीं हैं। जो जा रहे हैं वे सरकारी कर्मचारी, दुकानदार, पेशेवर और आमतौर पर अधेड़ उम्र आस्थावान लोग हैं। लाउडस्पीकर पर कुछ एलान हो रहे थे। नमाज़ में अभी वक्त था इसलिए मैं सड़क पर आगे बढ़ता चला गया। मुख्य सड़क पर दुकानें बंद थी लेकिन गलियों में कुछ दुकानें खुली थी। इसी सड़क पर आगे सिटी थियेटर की इमारत है। मैं वहां पहुंच गया। इमारत के सामने बनी बेंचों पर लोग बैठे थे। वहां से आगे एक पार्क है। पार्क में भी काफ़ी लोग नज़र आये। एक बेंच पर बैठकर इधर-उधर नज़र दौड़ाई तो एक तरफ़ एक लड़की और लड़का बैठे दिखाई दिए। लड़की हिजाब किए थी, पर यह जोड़ा प्रेमी-प्रेमिका ही हो सकते थे। क्योंकि उनके हावभाव और बातचीत करने का ढंग वैसा ही था। दोनों एक मोबाइल फ़ोन से खेल रहे थे। लड़के के हाथ से लड़की फ़ोन छीन रही थी और इस खेल में दोनों के जिस्म टकरा रहे थे। वे एक दूसरे का हाथ पकड़ रहे थे। फिर लड़के ने पीठ के पीछे से लड़की के कंधे पर हाथ रख दिया। मेरे पास वाली बेंच पर एक सज्जन कई अख़बार लिए बैठे पढ़ रहे थे।

## समीक्षा

अभिषेक श्रीवास्तव

# शैतानी गणित में बिलबिलाती रूहें



असग़र वजाहत की कहानियों के केन्द्र में साम्प्रदायिकता है। लेकिन यह साम्प्रदायिकता उस पारम्परिक साम्प्रदायिकता से बिल्कुल भिन्न है जिनका साक्षात्कार हमें रोज ब रोज की घटनाओं में अपने समाज में देखने को मिलता है। ये घटनाएं, दंगे और फसाद इनकी कहानियों के एक महत्वपूर्ण अंग हैं, लेकिन चिन्ता उस शैतान की है जिसकी गणित पूरे सामाजिक तानेबाने को छिन्न भिन्न किये दे रही है। मैं हिन्दू हूं एक ऐसा कहानी संग्रह है जहां मानवीय विद्रूपताएं अपने नग्नतम रूपों में अतिरेक के स्तर पर जाकर बिलबिलाने लगती हैं, जहां यथार्थ की रूह कांप उठती है और इन तमाम अपराधों के पीछे दरअसल वह इन्सानी फितरत होती है जो न तो हिन्दू है न मुस्लिम, बल्कि उसमें गहरे कहीं छिपा एक शैतान है जो जिन्दगियां तबाह कर मजे लेता है। उसी शैतान का एक बौद्धिक चेहरा हमें 'जख्म' में दिखाई देता है। यह कहानी एक दंगा पीड़ित का बयान है, उस पूरे सभ्य समाज पर एक टिप्पणी है जो हर बार लगने वाले घाव से अपनी कमाई कर वातानुकूलित कमरों में चैन से सोता है। ' साम्प्रदायिकता विरोधी सम्मेलन' के माध्यम से असग़र वजाहत उस सभ्य पैटी बूर्जुआ समाज, सोशल डेमोक्रेट आबादी की नग्नता को दिखाते हैं जिसके पास एक दंगा पीड़ित के सवालों का कोई जवाब नहीं। दूसरी ओर उस आबादी की संवेदनहीनता का भी मखौल उड़ाते हैं जिसके लिए साम्प्रदायिक दंगे होने का अर्थ ठीक वैसे ही होता है जैसे कि शहर में ' गर्मी बहुत बढ़ गयी है' या ' अबकी पानी बहुत बरसा' जैसी खबरें। यहीं दिक्कत पैदा होती है। लेखक सन्देह पैदा करता है। उसे उस शैतानी गुणा गणित के सारे फलसफे पता हैं, कि किस तरीके से हर दंगे के पहले सामाजिक आन्दोलनकारियों और साम्प्रदायिकता विरोधी कार्यकर्ताओं के पास कोई मुद्दा नहीं होता और हर दंगे के बाद उनके हाथ एक ऐसा मुद्दा हाथ लग जाता है जिससे वे बरसों अपनी रोटियां सेंकते रहते हैं। वह यह भी जानता है कि कैसे चुनाव के पहले राजनेता अपने संसदीय क्षेत्र में अधिकारियों की तैनाती जाति धर्म के आधार पर करवाते हैं (नया गणित), अब की राजनीति में दो और दो चार नहीं बाईस होते हैं। इसके बावजूद यदि ' जख्म' में वह भी उसी आबादी का हिस्सा खुद को पाता है तो इसे उसका आत्मस्वीकार कह कर प्रशंसा नहीं करनी चाहिए।

बल्कि मुख्तार को पूछना चाहिए, कि क्यों आप मेरे सवालों से बच रहे हैं? यह पूछने की बजाय मुख्तार अपने सिर के बाल हटा कर जख्म से रिस रहे ताजा लाल खून को दिखाना मुफीद समझता है। पूरे संग्रह में यह जख्म दिमाग पर तारी रहता है और 'शाह आलम कैम्प की रूहें' में पाठक को भीतर तक जख्मी कर जाता है। इस संग्रह की कहानियों को मोटे तौर पर दो हिस्सों में बांटा जा सकता है। एक वे कहानियाँ जो साम्प्रदायिकता पर पूरी तरह केन्द्रित हैं, दंगों के बाद बदहाल इन्सानियत की तस्वीर पेश करती हैं। दूसरी वे कहानियाँ जो अनाम अजाने पात्रों के माध्यम से अपने लघु संस्करणों में ही पूरी सामाजिक, राजनैतिक सत्ता का मजाक उड़ाती हैं, एक परिवार की आत्महत्या को सामाजिक टिप्पणी के रूप में प्रदर्शित कर व्यवस्था को शर्मसार करती हैं और यथार्थ को खोदबीन कर सामने लाती हैं। साम्प्रदायिकता की व्यापक अर्थछवियों में देखें तो ये सभी उस ढांचे में फिट बैठती हैं। मसलन, ' गिरफ्त' में मल्लू नाम का एक पात्र है जो खून बेच कर अपने परिवार का खर्च चलाता है। प्रधानमंत्री का आगमन होता है; रक्तदान शिविर लगा हुआ है और एक स्थानीय महिला नेता को यह दिखाना होता है कि सबसे पहले उसने रक्तदान किया ताकि उसकी तस्वीर प्रधानमंत्री के साथ आ जाए। इसके लिए मल्लू का इस्तेमाल किया जाता है। उसे भर अंटी पैसे दिये जाते हैं जिसमें डॉक्टर, नर्स और चपरासी बन्दरबांट कर लेते हैं। फिर भी उसकी जेब में कुछ पैसे बच जाते हैं। उधर प्रधानमंत्री महिला नेता के साथ तस्वीर खिंचवाते हैं, इधर बिस्तर के नीचे से मल्लू के खून की बूंदें बोतल में भर रही होती हैं। इस पूरे मेलोड्रामे में व्यवस्थापक इस तथ्य को भूल जाते हैं कि मल्लू का खून निकला ही जा रहा है। नतीजा, मल्लू महान बन जाता है।

उसकी मौत हो जाती है। यह प्रसंग सत्ता और उसके बिचौलियों का ऐसा साम्प्रदायवाद है जो हाशिए पर जी रहे इन्सान को मौत की हद तक निचोड़ डालता है। अफसोस, कि साम्प्रदायिकता के पारिभाषिक कोश से ऐसी हिंसात्मक कार्रवाइयां नदारद हैं। हाशिए पर जी रहे लोगों की ऐसी दास्तानों की लम्बी फेहरिस्त हमें असग़र वजाहत की कहानियों में देखने को मिलती है। गनीमत ही है कि सैफू की जान सिर्फ इस एक उद्घोष से बच जाती है कि ' मैं हिन्दू हूं'। यह उद्घोष उस आजाद भारत की सबसे बड़ी विडम्बनाओं में से एक है जिसका मुजाहिरा हमें शमोएल अहमद के उपन्यास 'महामारी' में विस्तार से देखने को मिलता है। यह सैफू दरअसल ' महामारी' का ढानचू है। एक सनातन खौफ में आविष्ट, हमेशा 'ट्रांस' की स्थिति में बुदबुदाता और सवाल पूछता। यह खौफ आज भी भारतीय मुसलमानों की एक बड़ी आबादी को आविष्ट किये हुए है। इसका वीभत्सतम् रूप हमें गोधरा काण्ड के बाद गुजरात में सुनियोजित तरीके से अंजाम दिये गये नरसंहार में दिखाई पड़ता है। उसी के बाद 'शाह आलम कैम्प की रूहें' नामक कहानी लिखी गयी थी। असग़र वजाहत का कहानीकार किसी फालतू आशा में नहीं जीता। वह जानता है कि रोजी रोटी के साधन छिन जाने के बाद इन्सान के पास मौत के सिवा कोई चारा नहीं होता। 'जिम्मेवारी' में यह यथार्थ बिल्कुल एक सत्यकथा मार्का शैली में हमारे सामने पुनरुज्जीवित होता है।

यह तय है कि दुलीराम के परिवार समेत आत्महत्या जैसे किसी मामले से लेखक का सीधा साक्षात्कार नहीं हुआ होगा, लेकिन काल्पनिकता के जिस औजार से यह कहानी गढ़ी गयी है, उससे यह दिल को चीर जाती है। कल्पना का यथार्थ में इतना यथार्थवादी रूपान्तरण पहले कभी नहीं हुआ है। और अन्त में, अपने ' सुसाइड नोट' में दुलीराम लिख छोड़ता है- ''मेरी और मेरे परिवार की हत्या की जिम्मेवारी किसी पर नहीं है। ''ऐसे ही रोज कई दुलीराम और मल्लू अल्लाह को प्यारे हो जाते हैं। बचता है तो सिर्फ एक सवाल, कि आखिर कौन है इस मौत का जिम्मेवार? यह सवाल लेखक ने एक नहीं कई बार अपनी कहानियों में उठाया है। गुरु चेला संवाद में चेला पूछता है कि गुरुजी , दंगों का जिम्मेवार कौन है। गुरु आखिरकार जनता को जिम्मेवार ठहराता है। जनता का मतलब हम और हम का मतलब कोई नहीं।

## बालकथा

# अनोखा आविष्कार


ऊर्जा संसार का महत्वपूर्ण संसाधन है। जिसके न होने पर संसार की गति यथास्थान रुक जायेगी।ऊर्जा के बिना संसार एक तरह से अन्धे व्यक्ति सा हो जाता है। उसका कोई कार्य आगे नहीं बढ़ सकता। संसार में ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। हम सब जितनी भी ऊर्जा प्राप्त करते हैं। उसका कहीं न कहीं सम्बन्ध सूर्य से अवश्य है। सूर्य का उगना संसार का चलना व जीवनमय रहना एक- दूसरे पर निर्भर है। जिस दिन सूर्य नहीं होगा। यह संसार यह जीवन भी नहीं होगा। सूर्य ही है जो संसार की आंखें खोलता और बन्द करता है। वह करोड़ों मील दूर होने के बाद भी हम सबको प्रभावित करता है। मुकुल एक प्रतिभावान छात्र है।षहर के द्रोपदी देवी इण्टर कालेज मे पढ़ता है। इस विद्यालय में वह जब से आया है। उसने अपने आपको बहुत आगे बढ़ाया है। विद्यालय में अच्छे कार्यों के लिए जब भी कोई चर्चा होती है।तब मुकुल का नाम न आये। ऐसा हो नहीं सकता। विशेषकर पिछले साल की विज्ञान प्रदर्शनी ने तो उसे पूरे नगर में चर्चित कर दिया। उसके द्वारा किये गये आविष्कार छोटे थे। अनुमान से लागत भी कम थी। पर उसके रेडियो से बनाये गये बायरलैस ने सबको चौंका दिया था। जब उसका वायरलैस गलती से पुलिस अधीक्षक कार्यालय से लगा और कप्तान साब ने आकर उससे लम्बी पूछ -ताछ की। अन्त में अपने क्षेत्र में निरन्तर आगे बढ़ने का आशीर्वाद देकर वापस चले गये। इस बार 27 फरवरी को पिछले सालों की भांति विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। चारों ओर तैयारियों का जोर है। हर कोई इस अवसर पर कुछ न कुछ नया कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाना चाहेगा। नये-नये आविष्कार करेगा। अपने प्रदर्शन से अपना व अपनी संस्था का नाम रोशन करेगा। विद्यालय का सबसे मेधावी छात्र अपने मित्र गौरव के साथ इस बार भी कुछ नया व अनोखा करने की तैयारी में लगा है। उसका मानना है कि उसकी खोज न केवल नयी हो, अपितु विश्व की किसी समस्या का समाधान करने लायक भी हो। वह मात्र प्रदर्शनी उसमें वाह-वाही तक सिमटकर न रह जाये। बाद में भी उसका उपयोग हो सके। आखिर दिन बीतने के साथ ही वह अवसर भी आ गया जिसका कि सभी को इन्तजार था। विद्यालय के फैले विशाल प्रांगण में बड़े -बड़े पंडाल लग गये। सारा कालेज परिवार तैयारियों में जुटे था। बच्चे भी अपने-अपने नवीन आविष्कारों को अन्तिम रूप दे रहे थे। नगर भर के विद्यालयों की प्रतिष्ठा दांव पर थी। इस बार किस संस्था और बच्चा नाम कमायेगा। सबकी आंखें इसी प्रश्न को तलाश रही थीं। निश्चित समय पर सभी ने अपना प्रदर्शन आरम्भ किया। इस बार जिला विज्ञान प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे थे। मां शारदे के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलन से उद्घाटन के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन प्रारम्भ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुख्य-अतिथियों व अन्य संस्थाओं से आये निर्णायकों के साथ निरीक्षण आरम्भ हुआ। निरीक्षण का आरम्भ शिखर के माडल से हुआ। उसने बैटरी से चलने बाला कूलर बनाया गया था। उसके बाद यह दल सूरज, नितेष, प्राची, प्रेरणा, जतिन के स्टालों के समीप पहुंचा। उनका प्रदर्शन देखा। अब बारी थी मुकुल की। इस बार उसने दो माडल तैयार किये थे। दोनों का सम्बन्ध ऊर्जा से था। अपने समक्ष आते ही उसने बड़े आदर से अतिथियों को बतलाया। आज जब ऊर्जा अत्यन्त आवश्यक है।


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं


❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्पररी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप, चित्रकहरीतकी, वासावलेह, स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल, तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप, एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा, श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेंवेटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।


पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D



डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC



डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,



डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D



डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, शुक्रवार, 30 मई 2025



# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

## ध्वस्त किये गए पैनठाना को पुनः बनाया जाए अन्यथा आदिवासी समाज सड़कों पर उतरेगा

> तहसील प्रशासन की द्वेषपूर्ण कार्रवाई
> आदिवासी संघर्ष समिति के तुमराम ने पत्रकार वार्ता में प्रशासन को दी चेतावनी




**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

आदिवासी संघर्ष समिति के तुमराम ने पत्रकार वार्ता में प्रशासन को दी चेतावनी दी कि, बल्लारपुर शहर के साईबाबा वार्ड (शिवाजी नगर) में पिछले 25 से 30 वर्षों से आदिवासी समाज के पूजा स्थल भगवान कुंवारा भिवासन के पैनठाना को बल्लारपुर तहसील, नगरपालिका और पुलिस प्रशासन ने मनमाने तरीके से बिना किसी पूर्व सूचना के ध्वस्त कर दिया है। इस घटना के लिए जिम्मेदार संबंधित तहसील प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की जाए और पैनठाना को पहले की तरह बनाया जाए। संयुक्त आदिवासी संघर्ष समिति के अशोक तुमराम ने पत्रकार वार्ता में चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर आदिवासी समाज सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा। बल्लारपुर के शिवाजी नगर में आदिवासी समाज के कुलदेवता भगवान कुंवारा भिवासन का पैनठाना पिछले 25 से 30 वर्षों से इसी स्थान पर है। स्थानीय तहसील, शहर और पुलिस प्रशासन ने 23 मई को समुदाय को कोई पूर्व सूचना दिए बिना जेसीबी से पैनठाना को ध्वस्त कर दिया। शिवाजी नगर में आदिवासी समुदाय के बहुसंख्यक लोग रहते हैं। यह यहां के नागरिकों का पूजा स्थल था। यहां के आदिवासी भाई प्रतिदिन यहां पूजा-अर्चना करते थे। प्रशासन की अनुमति से आदिवासी समुदाय के छोटे-बड़े कार्यक्रम होते थे। तहसील प्रशासन की इस तरह की द्वेषपूर्ण कार्रवाई से आदिवासी समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। तुमाराम ने आरोप लगाया है कि शहर के एक नामी वन ठेकेदार ने आसपास के क्षेत्र में लकड़ियां डंप कर उक्त स्थानों पर कब्जा कर लिया है। लेकिन संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय स्थानीय तहसील प्रशासन ने आदिवासी समुदाय के पूजा स्थल को हटाने की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई द्वेष भावना से की जाने का भी आरोप लगाया।

इस संबंध में जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें संबंधित मामलों से अवगत कराने पर यह बात सामने आई है कि, जिलाधिकारी कार्यालय और बल्लारपुर एसडीओ कार्यालय ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है। यदि दोनों वरिष्ठ कार्यालयों से यह आदेश प्राप्त नहीं हुआ तो फिर किसके निर्देश पर तहसील, शहर और पुलिस प्रशासन ने यह कार्रवाई की? सवाल उठाया गया कि, एक तरह से तहसील प्रशासन ने आदिवासी समाज के साथ अन्याय किया है। इस मामले को लेकर गुरुवार 29 मई को बल्लारपुर एसडीओ कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें तहसीलदार, नगरपालिका, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ ही आदिवासी समाज के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में मामले की विस्तृत जांच, दोषियों के खिलाफ अत्याचार अधिनियम दर्ज करने और तहसीलदारों को तत्काल निलंबित करने की मांग की जाएगी। बैठक में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आदिवासी समाज सड़कों पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेगा, ऐसा संयुक्त आदिवासी कार्य समिति के पदाधिकारी अशोक तुमराम ने कहा। पत्रकार वार्ता में अशोक तुमराम के साथ नामदेव शेडमाके, उषा कोडापे, पुरुषोत्तम सोयाम, विजय सिडाम, वामन गणवीर, गोकुल मेश्राम आदि मौजूद थे।

## पशु परिवहन के लिए कानूनी नियमों का सख्ती से पालन करने की जिला प्रशासन की अपील

**गढ़चिरोली.**

आगामी बकरीद त्यौहार की पृष्ठभूमि में, जिला पशुपालन उपायुक्त डॉ. विलास गाडगे ने पशुओं के परिवहन और वध के संबंध में कानून का पालन करने की अपील की है। वर्ष 2025 में बकरीद 7 जून को मनाई जाएगी और इस दिन बड़े पैमाने पर पशु बलि की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने संबंधित व्यक्तियों को कानूनी प्रावधानों का पालन करने का निर्देश दिया है।

यह स्पष्ट किया गया है कि पशुओं का परिवहन करने वाले लोग अपने वाहनों के निर्माण में केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 के नियम 125-ई के अनुसार आवश्यक परिवर्तन करें और इसके लिए संबंधित पंजीकरण प्राधिकरण को आवेदन करें और विशेष लाइसेंस प्राप्त करें।

'पशु क्रूरता से संरक्षण (भोजन के लिए पशुओं का परिवहन) नियम, 2001' के नियम 96 के अनुसार, पशुओं को वाहन में परिवहन करते समय, ट्रांसपोर्टर को सक्षम प्राधिकारी के साथ-साथ पशु कल्याण बोर्ड, भारत सरकार और केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अधिकारी या संस्था द्वारा जारी प्रमाण पत्र रखना आवश्यक है। यदि ऐसा प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो परिवहन न करना ट्रांसपोर्टर की जिम्मेदारी है।

साथ ही, 'पशु क्रूरता से संरक्षण अधिनियम, 1960', 'पशु परिवहन नियम, 1978' और 'पशु परिवहन नियम, 2001' के सभी कानूनों और नियमों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है। उपरोक्त कानूनों का उल्लंघन होने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह नोटिस पशुओं के ट्रांसपोर्टरों, व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए है और सभी को शांति, कानून और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए, ऐसी अपील जिला पशुपालन उपायुक्त डॉ. विलास गाडगे ने की है।

## 1 जून से चरणबद्ध तरीके से खोले जाएंगे चिचडोह बैराज के 38 गेट

### नदी किनारे बसे गांवों को अलर्ट जारी

**गढ़चिरोली.**

गढ़चिरोली जिले में वैनगंगा नदी पर चामोर्शी तालुका से 5 किलोमीटर दूर स्थित चिचडोह बैराज के सभी 38 गेट जलस्तर के आधार पर 1 जून 2025 से चरणबद्ध तरीके से खोले जाएंगे। मौसम विभाग द्वारा पूर्वानुमानित मानसून के आगमन और बाढ़ नियंत्रण के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। जल संसाधन विभाग ने बताया है कि बैराज में जमा पानी को कम करने के लिए यह प्रक्रिया जरूरी है। चिचडोह बैराज का निर्माण जून 2018 में पूरा हुआ था और इसकी कुल लंबाई 691 मीटर है। इसमें कुल 38 लोहे के वर्टिकल लिफ्टिंग गेट लगाए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक 15 मीटर लंबा और 9 मीटर ऊंचा है। ये सभी गेट पिछले साल 15 अक्टूबर 2024 से बंद कर दिए गए थे। वर्तमान में 27 मई 2025 को चिचडोह बैराज में जलस्तर 183.00 मीटर है तथा पशुधन 53.52 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इस योजना के अनुसार 1 जून 2025 को प्रातः 8 बजे परियोजना के वर्टिकल लिफ्ट गेट (रिवर स्लुइस) से 88.04 क्यूमेक्स डिस्चार्ज नदी में छोड़ा जाएगा। इससे नदी के निचले क्षेत्रों में जलस्तर बढ़ने की संभावना है। नदी के किनारे बसे सभी गांवों व ग्राम पंचायतों को इस बढ़ते जलस्तर के कारण किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचने के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने नागरिकों से इस अवधि के दौरान नदी किनारे जाने से बचने तथा नदी किनारे खेतों में काम करते समय उचित सावधानी बरतने की अपील की है। विशेष रूप से चिचडोह बैराज प्रशासन ने मारकंडा देवस्थान पर नदी में स्नान करने वाले तीर्थयात्रियों, मछुआरों, रेत संग्राहकों, पशुपालन श्रमिकों तथा नदी से आवागमन करने वाले सभी लोगों से आवश्यक सावधानी बरतने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

## जनरल अस्पताल की ओर से विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस

**चंद्रपुर.**



जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, जनरल अस्पताल, चंद्रपुर और कर्मवीर मा. एस. कन्नमवार शासकीय मेडिकल कॉलेज की संयुक्त तत्वाधान में जनरल अस्पताल में विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस मनाया गया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मिलिंद कांबले उद्घाटनकर्ता थे, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. महादेव चिंचोले अध्यक्ष थे, जबकि जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कटारे, मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष ठाकरे, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. भास्कर सोनारकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस अवसर पर डॉ. कांबले ने कहा, मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने के लिए मन को स्वस्थ रखना चाहिए। मन खराब होने पर मानसिक स्वास्थ्य खराब होता है। साथ ही चिंता मुक्त जीवन जीना चाहिए। डॉ. चिंचोले ने कहा कि, मानसिक तनाव में लंबे समय तक रहने के बजाय तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। बहुत चिंताग्रस्त जीवन नहीं जीना चाहिए तथा छोटी-छोटी चीजों में आनंद तलाशना चाहिए। जो है, उसी में संतुष्ट रहना चाहिए। तभी मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहेगा। इस अवसर पर डॉ. संदीप भटकर, डॉ. सायली दाबेराव, डॉ. प्रियंका मून ने सिजोफ्रेनिया पर मार्गदर्शन दिया। मनोचिकित्सक से परामर्श लेने के लिए किसी भी जगह संकीर्ण सोच नहीं रखनी चाहिए। साथ ही भारत सरकार मानसिक स्वास्थ्य के लिए टेलीमानस लागू कर रही है। टोल फ्री नंबर 14416 / 18008914416 इस नंबर पर 20 से अधिक भाषाओं में निशुल्क मानसिक स्वास्थ्य मार्गदर्शन एवं परामर्श दिया जाता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कटारे ने सभी लोगों से इसका लाभ उठाने का आह्वान किया। विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस के अवसर पर शासकीय नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। समाज सेवा अधीक्षक उमेश आड़े एवं मेट्रन माधवकर तथा मेट्रन आत्राम ने कार्यक्रम का संचालन किया। अतुल शेंद्रे ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा दुर्गा प्रसाद बनकर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सूरज बनकर, उपा गजभिये, मित्रंजय निरजने, रामटेके बहन, सरकार बहन, शासकीय नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी व मरीज, जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के कर्मचारी व समाज सेवा विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र श्रमिक कल्याण बोर्ड ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर जयंती मनाई

**चंद्रपुर.**



महाराष्ट्र श्रमिक कल्याण बोर्ड, ललित कला भवन बंगाली कैंप, चंद्रपुर ने 28 मई 2025 को स्वातंत्र्यवीर सावरकर जयंती के अवसर पर व्याख्यान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष स्नेहल राऊत, प्रोफेसर छत्रपति संभाजी राजे प्रशासनिक महाविद्यालय, मोरवा चंद्रपुर, महेश जीते, महासचिव भाजपा चंद्रपुर शहर, मुख्य अतिथि सरोज मिश्रा, महासचिव महिला भाजपा चंद्रपुर शहर, और नितिन शाह, सामाजिक कार्यकर्ता, रामेश्वर एलन, श्रम कल्याण अधिकारी चंद्रपुर उपस्थित थे। व्याख्यान निवेदिता पातुरकर, जिला परिषद शिक्षक ने स्वातंत्र्यवीर सावरकर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत और संचालन कल्याण निरीक्षक देवेन्द्र दत्त ने किया, जबकि वैशाली सरोदकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बंडू पवार, किरण उपरे, कविता कांबले, विनोद गावंडे, रंजना खेडेकर, कस्तूरी शेट्टी और सुरक्षा गार्ड अमर केवट, रोहित गुप्ता ने अथक प्रयास किया।

## 2 जून को लोकतंत्र दिवस का आयोजन

**चंद्रपुर.**

सभी आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं का सरकारी तंत्र द्वारा निष्पक्ष और शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी समाधान के रूप में चंद्रपुर नगर निगम कार्यालय में हर महीने के पहले सोमवार को 'लोकतंत्र दिवस' का आयोजन किया जाता है। लोकतंत्र दिवस सोमवार, 2 जून 2025, नगर निगम कार्यालय में इसका आयोजन आयुक्त की अध्यक्षता में दोपहर 1 बजे किया जा रहा है।

जो नागरिक शारीरिक रूप से उपस्थित होने में असमर्थ हैं, उनके लिए नगर निगम ने ई-लोकशाही दिन की सुविधा प्रदान की है, जिसके माध्यम से वे अपनी शिकायतें ईमेल आईडी lokshahidincomplaint@gmail.com पर भेज सकते हैं। लोकशाही दिवस के अवसर पर आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र की दो प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी। आवेदक को लोकशाही दिवस से 15 दिन पूर्व आवेदन और अनुरोध प्रस्तुत करना होगा। आवेदन जमा करने के बाद विवरण कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। संबंधित विभागाध्यक्ष अपने स्तर पर अभ्यावेदन के संबंध में की गई कार्रवाई या चल रही कार्रवाई के बारे में आवेदक को सूचित करेंगे। यदि विभागाध्यक्ष द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती है या आवेदक संतुष्ट नहीं है तो आवेदक को उसके स्तर पर अभ्यावेदन के संबंध में की गई कार्यवाही या चल रही कार्यवाही से अवगत कराया जाएगा। आप आयुक्त कार्यालय में उपस्थित होकर अपने विचार प्रस्तुत कर सकते हैं। आयुक्त रिपोर्ट, आवेदक के अनुरोध, उससे संबंधित नियमों, सरकार की भूमिका और प्रावधानों पर विचार करने के बाद उचित निर्णय लेंगे।

## पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी के आदर्श को अपनाना होगा : डॉ. सच्चिदानंद शेवड़े

> पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी जयंती की त्रिशताब्दी के अवसर पर युवा सम्मेलन का आयोजन






**चंद्रपुर.**


पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन राज्य मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने युवाओं से पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी के जीवन कार्यों से देशभक्ति, सेवा और त्याग की शिक्षा लेने और सामाजिक परिवर्तन के लिए उनके आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की है।

विधायक सुधीर मुनगंटीवार राजमाता पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के अवसर पर चंद्रपुर के प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी सभागार में भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण और महानगर के साथ-साथ भाजपा युवा योद्धाओं द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में बोल रहे थे।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात वक्ता डॉ. सच्चिदानंद शेवड़े का मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा, महानगर अध्यक्ष राहुल पावड़े, भाजपा वाईएमसीए जिला अध्यक्ष महेश देवकते, महानगर अध्यक्ष विशाल निंबालकर, डॉ. मंगेश गुलवाड़े, सविता कांबले, संध्या गुरनुले, राखी कंचरलावर, आशीष देवतले, अलका अतराम, रामपाल सिंह, सूरज पेदुलवार, किरण बुटले, अनिल डोंगरे, अमित गुंडावार, तनय देशकर, यश बांगड़े, प्रवीण तायडे, गणेश रामगुंडावार, ओम पवार व अन्य उपस्थित थे.

आगे बोलते हुए विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी का जन्म 31 मई, 1725 को हुआ था। अहिल्यादेवी होल्कर को उनके न्यायपूर्ण प्रशासन, धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और जनकल्याण कार्यों के लिए लोगों द्वारा 'पुण्यश्लोक' की उपाधि दी गई थी। अहिल्यादेवी ने राज्य को जीतने के लिए नहीं, बल्कि किसानों का दिल जीतने के लिए काम किया। अन्य शासकों ने भौगोलिक क्षेत्रों पर विजय प्राप्त करके शासन किया, लेकिन अहिल्यादेवी ने अपनी प्रजा का दिल जीतकर शासन किया। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर के तेजस्वी व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का प्रयास सभी को करना चाहिए, जिसे 300 वर्ष पूर्व उन्होंने समाज के मन में स्थापित करने का प्रयास किया था। युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि, "चंद्रपुर को पिछड़ा जिला मत समझिए।" चंद्रपुर वह जिला है जिसने भारत-चीन युद्ध के दौरान सबसे अधिक सोना दान किया था। यह जिला बाबा आमटे के समाज सेवा के संदेश का प्रतीक है। धैर्य के साथ सद्गुण और कर्म को भी जोड़िए और सद्गुणी बनने का संकल्प लेने की भी अपील की। विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि, मेरा यह भी मानना है कि युवाओं की उपलब्धियों के कारण हमारा देश 2047 में विश्व के सर्वाधिक शक्तिशाली देशों से भी निश्चित रूप से आगे निकल जाएगा।

प्रसिद्ध वक्ता डॉ. सच्चिदानंद शेवड़े ने अपनी अनूठी शैली में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर के जीवन, उनके शासनकाल और धार्मिक कार्यों पर प्रकाश डाला। अपने पति की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई होल्कर ने अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए न केवल राज्य को आगे बढ़ाया, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए भी काम किया। इन घटनाओं का उदाहरण देते हुए डॉ. शेवड़े ने युवाओं को अपनी क्षमता पहचानने और आगे बढ़ने की सलाह दी। छोटी-छोटी असफलताओं और तुच्छ कारणों से आत्महत्या की घटनाएं चिंताजनक हैं। अहिल्यादेवी ने एक ओर राजनीति की, तो दूसरी ओर धार्मिक कार्य भी किया। अपनी शक्तियों को जानें. अपने जुनून को पहचानें और उसके अनुसार करियर चुनें। किसी भी चीज़ से कमतर मत बनो. उन्होंने हर चीज के बारे में सकारात्मक सोचने और आगे बढ़ने का मंत्र भी दिया। यद्यपि उनके पति और ससुर की मृत्यु उनकी आंखों के सामने हो गई, तथा उनकी अपनी पुत्री भी सती हो गई, फिर भी अहिल्या देवी ने कभी हार नहीं मानी। डॉ. शेवड़े ने उनके चरित्र से प्रेरणा लेने और असफलता से हतोत्साहित न होने की भी अपील की।



## मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024

# रेचल गुप्ता पर विवाद गहराया



जालंधर की रेचल गुप्ता ने मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2024 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था. लेकिन अब इस टाइटल को जीतने के लगभग सालभर बाद उनसे क्राउन वापस ले लिया गया है. इस बात का ऐलान ब्यूटी पेजेंट की तरफ से किया गया है. हालांकि रेचल गुप्ता का दावा है कि ये फैसला उन्होंने खुद बेहद भारी मन से लिया है. रेचल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है, इसमें उन्होंने ब्यूटी पेजेंट के टॉक्सिक माहौल को क्राउन वापस करने का कारण बताया.रेचल गुप्ता ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'दुनियाभर में मेरे सभी सपोर्टर के लिए, अगर इस खबर से आपको निराशा हुई है, तो मुझे सही में खेद है. मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद. कृपया समझिए कि ये फैसला लेना आसान नहीं था, लेकिन मेरे लिए ये सबसे सही निर्णय था. सच बहुत जल्द सबके सामने आ जाएगा. मैं आप सभी से शब्दों से कहीं ज्यादा प्यार करती हूं. ये खबर आपके साथ शेयर करते हुए मुझे बेहद अफसोस हो रहा है कि मैंने मिस ग्रैंड इंटर-नेशनल 2024 के पद से इस्तीफा देने और अपना ताज लौटाने का फैसला किया है.'उन्होंने आगे लिखा, 'ताज पहनना मेरे जीवन के सबसे प्यारे सपनों में से एक था, और मैं आशा और गर्व से भर गई थी कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व करूंगी और इतिहास रचेंगे. लेकिन ताज पहनने के बाद के महीनों में मेरा अनुभव टूटी हुई उम्मीदों, गलत व्यवहार और एक जहरीले माहौल से भरा रहा, जिसे अब मैं चुपचाप सहन नहीं कर सकती. ये फैसला मैंने हल्के में नहीं लिया है. आने वाले दिनों में, मैं एक पूरा वीडियो शेयर करूंगी, जिसमें इस मुश्किल यात्रा के पीछे की सारी बातें बताऊंगी. मैं आपसे दया, खुले दिल, और अपने इस अगले कदम पर लगातार मिलने वाले सपोर्ट की प्रार्थना करती हूं. आपका प्यार मेरे लिए कल्पना से भी कहीं अधिक मायने रखता है.'

रेचल गुप्ता ने अपनी तरफ की कहानी तो बयां कर दी, लेकिन ऑर्गनाइ-जेशन का कहना कुछ और ही है.

ब्यूटी पेजेंट का कहना है कि उन्होंने खुद रेचल को इस पद से हटाया है. वो अब इस टाइटल के इस्तेमाल की हकदार नहीं हैं. एक ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर मिस ग्रैंड इंटरने-शनल ऑर्गनाइजेशन ने क्लियर किया कि वो अभी इसी वक्त से मिस रेचल गुप्ता टर्मिनेट कर रहे हैं. ये निर्णय उनके सौंपे गए कर्तव्यों को पूरा न कर पाने, संगठन की पूर्व अनुमति के बिना बाहरी परियो-जनाओं में शामिल होने, और तय की गई ग्वाटेमाला की जर्नी में भाग लेने से इनकार करने के कारण लिया गया है.

# खट्टी-मीठी है राजकुमार राव की 'भूल चूक माफ'

## हंसी और इमोशन का है फुल डोज



राजकुमार राव और वामिका गब्बी की नई फिल्म भूल चूक माफ को जरा विलंब से देखा, इसलिए इस पर देरी से लिखा- सबसे पहले तो इसके लिए माफी. वरना पहले ही लिखता. वाकई भूल चूक हो गई लिहाजा माफी तो बनती है. यों पूरी फिल्म की कहानी भी यही भाव व्यक्त करती है. मुख्य किरदार यानी राजकुमार राव को लंबे समय के बाद यह अहसास होता है कि नेक काम करें और गलती से भी किसी का दिल न दुखाएं. दिल दुखाएंगे तो मनोवांछित फल पाने में बाधा आएगी. मन्नत पूरी होने में भी संकट आएगा. और मन्नत पूरी नहीं होगी तो भटकाव से परेशान होंगे. फिल्म में रंजन तिवारी के साथ ऐसा होता भी है.

दरअसल करण शर्मा निर्देशित भूल चूक माफ की कहानी में राजकुमार राव के किरदार का नाम रंजन तिवारी है, जिसे तितली मिश्रा यानी वामिका गब्बी से प्यार हो गया है, दोनों शादी करना चाहते हैं लेकिन तारीख पक्की होकर भी शादी में बाधा ही बाधा है. और इसकी वजह हामिद अंसारी नाम का शख्स है.

ऐसा क्यों? यकीन मानें इस पहेली को समझने में ही इस फिल्म का सारा सार छिपा है. हामिद अंसारी कौन है, कहां से आया है जो रंजन और तितली की शादी में रोड़ा बना है. सबसे पहले इसे जानते हैं.

वास्तव में अंसारी-तिवारी का पूरा मसला नौकरी, रोजगार, खेती, किसानी, सिंचाई, खुशहाली, जरूरतमंदों को मौके, इंसानियत, भाईचारा और सामाजिकता जैसे जज्बात से जुड़ा है. कहानी दो प्रेमी जोड़े के खिलंद-ड़पने और उनके परिवारों के बीच नोंक झोंक से शुरू होकर जैसे इन मुद्दों से जुड़ जाती है, पता ही नहीं चलता. फिल्म अपने ज़ॉनर में रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा है लेकिन जैसे जैसे कहानी आगे बढ़ती है जज्बातों से जुड़ती जाती है. हंसती-खेलती, लड़ती-झगड़ती प्रेम कहानी के बीच यह दो ऐसे उम्मीदवारों की भी कहानी बन जाती है, जहां एक योग्य पात्र है जो जरूरतमंद भी है लेकिन दूसरा किरदार ऐसा है जिसने रिश्वत देकर नौकरी हासिल की है. यही वो मर्म है जिसकी वजह से रंजन तिवारी दुविधा में फंसा है.

## एक छड़ी, 9 किताबें, 100 सवाल...

पिछले साल की सबसे बड़ी सरप्राइज हिट रही फिल्म 'हनुमान' के हीरो तेज सज्जा अब अपनी नई फिल्म 'मिराय' लेकर आ रहे हैं. बुधवार को इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है और टीजर वीडियो के साथ-साथ मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी शेयर की है. 'मिराय' का फर्स्ट लुक पिछले साल ही रिलीज किया गया था जो बहुत प्रॉमिसिंग लग रहा था. फर्स्ट लुक से ही इस फिल्म में एक दमदार रहस्यमयी कहानी होने का हिंट मिल रहा था. अब टीजर में फिल्म की जो झलक मिल रही है वो दिखाती है कि तेज सज्जा जनता को एक और दमदार माइथोलॉजिकल-एडवेंचर पर ले जाने के लिए पूरी तैयार हैं.टीजर वीडियो की शुरुआत एक विलेन से होती है जिसका रोल मनोज मंचू कर रहे हैं. ये विलेन माइथोलॉजी से निकली शक्तियों और एक रहस्यमयी तलवार लेकर तबाही मचाने निकला है. चूंकि इस विलेन के पास माइथोलॉ-जिकल शक्तियां हैं, तो इनका तोड़ भी वहीं से आया है. टीजर में शक्तियों से भरी एक छड़ी का जिक्र है जिसका नाम है मिराय. लेकिन इस छड़ी की शक्तियों का प्रयोग कोई योद्धा ही कर सकता है और इस रोल में तेज सज्जा की एंट्री होती है. तेज ऐसे हीरो के रोल में हैं जिसे खुद अपनी शक्तियों का एहसास नहीं है और ना ही उसे अपने उद्देश्य का पता है.मिराय से मिली शक्तियों से उसे सारा ज्ञान मिलना शुरू होता है. उसे पता चलता है कि 9 पवित्र किताबों की रक्षा करनी है. टीजर में इन किताबों के साथ 100 सवालों का भी जिक्र है,

# गद्दर फिल्म अवॉड्र्स में अल्लू अर्जुन का जलवा




करण शर्मा की फिल्म 'भूल चूक माफ' एक दिल छू लेने वाली कहानी है। इसमें न तो ज्यादा भारी-भरकम मैसेज है और न ही कोई टिपिकल रोमांटिक ड्रामा। ये फिल्म उन फिल्मों में से है जो हर उम्र के दर्शकों को पसंद आएगी। बनारस की गलियों की रंगीनियत, कहानी की सादगी और थोड़ी सी कल्पना इसे खास बनाती है। मैडॉक फिल्म्स की इस पेशकश में हंसी भी है और दिल से निकली सीख भी। ये फिल्म आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। दो बार रिलीज टलने के बाद अब फिल्म को सिनेमाघरों में उतारा गया है। फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। दोनों के बीच की लव केमिस्ट्री काफी कमाल की है। फिल्म की कहानी, निर्देशन और पोस्ट प्रोडक्शन कैसा है, जानने के लिए पढ़ें पूरा रिव्यू।

फिल्म की कहानी रंजन (राजकुमार राव) नाम के लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक छोटे शहर का आम लड़का है। उसकी जिंदगी में प्यार है, थोड़ी उलझनें हैं और ढेर सारी उम्मीदें हैं। तितली (वामिका गब्बी) के साथ उसकी केमिस्ट्री प्यारी लगती है, लेकिन असली मजा उसके परिवार से जुड़े टकराव में है। कभी मां-पापा की खटपट तो कभी शादी के झमेले, ये सब कुछ बड़ी ही आसान और मजेदार तरह से दिखाया गया है, वो भी बिना ज्यादा ड्रामा किए। भूल चूक माफ किसी बड़े ट्विस्ट या शॉक पर नहीं, बल्कि ज़िंदगी की छोटी-छोटी बातों पर टिकी है। गलती करना, उसे समझना और उसे सुधारने की कोशिश करना। ये फिल्म प्यार, माफी और दूसरे मौके की बात करती है, वो भी बहुत सादगी से।

'भूल चूक माफ' एक रोमांटिक कॉमेडी है जो वाराणसी के छोटे शहर की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी रंजन (राजकुमार राव) और तितली (वामिका गब्बी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक-दूसरे से प्यार करते हैं और शादी करना चाहते हैं। लेकिन तितली के पिता एक शर्त रखते हैं कि रंजन को दो महीने के भीतर सरकारी नौकरी हासिल करनी होगी, तभी शादी होगी। रंजन इस चुनौती को स्वीकार करता है और नौकरी हासिल कर लेता है।

# सलमान-कटरीना की 'महा बकवास' फिल्म

**मेकर्स ने उड़ाए थे 45 करोड़**

सलमान खान और कटरीना कैफ की जोड़ी बड़े पर्दे की पसंदीदा जोड़ियों में से एक है. दोनों कलाकारों ने साथ में आधा दर्जन फिल्में की हैं और इस जोड़ी को रुपहले पर्दे पर फैंस का काफी प्यार मिला है. दोनों की कई फिल्मों ने टिकट खिड़की पर रिकॉर्ड ब्रेक किए और नए रिकॉर्ड भी बनाए. हालांकि सलमान और कटरीना की एक फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी. यहां बात हो रही है साल 2008 में आई फिल्म 'युवराज' की. युवराज ने फैंस को इस कदर निराश किया कि ये पिक्चर अपने बजट का आधा भी नहीं कर्मा पाई थी और सलमान-कटरीना के करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक बन गई.





सलमान खान और कटरीना कैफ की युवराज 17 साल पहले 21 नवंबर 2008 को रिलीज हुई थी. कई फैंस को तो दोनों की इस फिल्म का नाम तक पता नहीं होगा. फिल्म का हिस्सा अनिल कपूर और जायेद खान जैसे स्टार्स भी थे. इसका डायरेक्शन सुभाष घई ने किया था और वो ही इसके प्रोड्यूसर भी थे. सुभाष घई ने इस फिल्म पर 45 करोड़ रुपये खर्च किए थे. युवराज में फैंस को न ही सलमान और कटरीना की जोड़ी पसंद आई और न ही इसकी कहानी. बॉक्स ऑफिस पर ये पिक्चर बुरी तरह पिट गई थी. टिकट खिड़की पर इसकी शुरुआत बेहद धीमी रही और ये अपनी पकड़ भी नहीं बना पाई. भारत में सिर्फ 2.72 करोड़ रुपये की ओपनिंग लेने वाली युवराज ने इंडियन बॉस ऑफिस पर टोटल 16.67 करोड़ की कमाई की थी और बजट का आधा अभी नहीं वसूल पाई. वहीं वर्ल्डवाइड ये आंकड़ा 28.82 करोड़ रुपये तक पहुंचा था. ऐसे में सलमान और कटरीना की ये पिक्चर डिजास्टर साबित हुई.

# दिग्गज साउथ एक्टर का निधन

तमिल सिनेमा के दिग्गज अभिनेता राजेश का गुरुवार को चेन्नई में निधन हो गया। आज सुबह (29 मई) उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनकी पत्नी जोन सिल्विया का पहले ही निधन हो चुका है। उनकी एक बेटी और एक बेटा दिव्या और दीपक है। राजेश का पार्थिव शरीर जनता के अंतिम दर्शन के लिए चेन्नई के रामपुरम स्थित उनके आवास पर रखा गया है। उनके अचानक निधन से फिल्म इंडस्ट्री और प्रशंसक सदमे और शोक में हैं।

रजनीकांत ने गुरुवार को राजेश के परिवार को संवेदना भेजी और लिखा



कि वह अपने दोस्त को कितना मिस करेंगे। उन्होंने तमिल में लिखा, 'मेरे करीबी दोस्त, अभिनेता राजेश की असामयिक मृत्यु की खबर ने मुझे झकझोर दिया और मुझे बहुत दुख पहुंचाया। वह एक बेहतरीन इंसान थे, उनकी आत्मा को शांति मिले। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।' प्रशंसकों ने कमेंट में राजेश के रजनीकांत के प्रति लगाव को याद किया और साथ में बिताए समय की तस्वीरें पोस्ट कीं। कई कमेंट में अचानक हुई मौत पर सदमा भी जताया गया।

20 दिसंबर 1949 को तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी में जन्मे राजेश ने स्कूल शिक्षक की नौकरी छोड़ दी और फिल्मों में अभिनय किया। 1974 में उन्होंने के बालाचंदर द्वारा निर्देशित फिल्म 'अवल ओरु कोटारा कथाई' में एक छोटी सी भूमिका निभाई। यह सिल्वर स्क्रीन पर आने वाली उनकी पहली फिल्म है। उन्होंने नायक, खलनायक और गुणचित्रा सहित 150 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया। भाग्यराज की फिल्म 'अंधा 7 डेज' में उनके रोल ने भी कई लोगों को प्रभावित किया. उन्होंने जर्नीज़ एंड, फियर नॉट फियर और न्यू रागास जैसी फिल्मों में काम किया। 2000 के बाद भी उन्होंने चरित्र भूमिकाएँ निभाना जारी रखा।

# क्रिमिनल जस्टिस सीजन 4 दमदार या फिसड्डी?

क्रिमिनल जस्टिस सीजन 4 में पारिवारिक जटिलताओं में उलझा एक दिलचस्प मर्डर केस देखने को मिलने वाला है। पंकज त्रिपाठी यानी माधव मिश्रा एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार उनके साथ कई और शानदार कलाकार भी हैं, जिसमें जीशान अयूब, सुवरीन चावला, बरखा सिंग, आशा नेगी जैसे कई और एक्टर शामिल हैं। अगर आप इमोशन, थ्रिल और कोर्टरूम ड्रामा की तलाश में हैं तो 'क्रिमिनल जस्टिसः ए फैमिली मैटर' जरूर देखें, ये सीजन सिर्फ एक सीरीज नहीं, एक अनुभव है। शो में सिर्फ एक छोटी कमी है, जिसे आप कई अच्छाइयों के आगे नजरअंदाज कर सकते हैं। पंकज त्रिपाठी का माधव मिश्रा के अवतार में जादू इस कदर



चलेगा किए हल्के-फुल्के खिंचाव, कुछ हिस्सों में स्लो चल रही कहानी को आप आसानी से बर्दाश्त कर लेंगे। 'क्रिमिनल जस्टिसः ए फैमिली मैटर' देखने लायक है या नहीं, ये आप खुद इन 10 बिंदुओं को पढ़ने के बाद तय कर सकेंगे। कहानी सिर्फ एक मर्डर केस नहीं है, बल्कि इसमें पारिवारिक रिश्तों, मानसिक स्वास्थ्य और धोखे की गहराइयों को भी दिखाया गया है, जो इसे और भी ज्यादा सोचने पर मजबूर करती है। कोर्टरूम ड्रामा और केस की परतें इतनी खूबसूरती से खुलती हैं कि हर एपिसोड के अंत में एक नया झटका या खुलासा आपको अगला एपिसोड देखने पर मजबूर कर देगा। शो सिर्फ कोर्ट और पुलिस की लड़ाई नहीं दिखाता, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, दांपत्य तनाव और बच्चों की देखभाल जैसे मुद्दों को संवेदन-शीलता से छूता है।

शो में जहां एक ओर तनाव और रहस्य है, वहीं माधव मिश्रा और उनकी पत्नी रत्ना के हल्के-फुल्के, मज़ेदार सीन कहानी को इंसानी और भावनात्मक टच देते हैं। मंदिरा माथुर, लेखा अगस्त्य और अंजू जैसे किरदारों के माध्यम से शो ने दिखाया कि महिला पात्र न सिर्फ भावनात्मक स्तर पर बल्कि पेशेवर और कानूनी रूप से भी सशक्त हो सकते हैं।

# मराठी हॉरर सीरीज़ 'अंधार माया' का अनोखा प्रचार अभियान

## महाराष्ट्र की सड़कों पर चला डरावना वाडा!

ज़ी5 मराठी दर्शकों के लिए लेकर आ रहा है अपनी पहली हॉरर ओरिजिनल सीरीज़ 'अंधार माया', जो रहस्य, भय और पारिवारिक सच्चाइयों के गहरे ताने-बाने को छूती है। इस सीरीज़ के लॉन्च को अविस्मरणीय बनाने के लिए ज़ी5 ने एक अनूठा प्रचार अभियान चलाया—एक चलता-फिरता भूतिया वाडा, जिसने महाराष्ट्र के चार प्रमुख शहरों – मुंबई, ठाणे, पुणे और नागपुर – में लोगों को दहशत और रोमांच का मिला-जुला अनुभव कराया।

इस चलते-फिरते भूतिया वाडा की डिज़ाइन शो के वास्तविक सेट की हूबहू नकल थी, जिसने नागपुर के वर्धा रोड, फेतरी, सोमलवाड़ा और कर्वे नगर रोड जैसे इलाकों में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। लोगों ने इस




डरावनी संरचना को नजदीक से देखा, उसकी भयानक सजावट और रहस्यमयी संगीत ने सबको 'अंधार माया' की दुनिया में एक झलक दी। रहस्य, लोककथाओं और पारिवारिक रहस्यों की अनोखी कहानी

'अंधार माया' की कहानी कोकण के एक रहस्यमयी वाडा में लौटे खातू परिवार की है, जो वहां पहुंचते ही एक खौफनाक चक्र में फंस जाते हैं—जहां गायब होती जिंदगियाँ, अतीत की छायाएँ और छिपी पारिवारिक सच्चाइयाँ धीरे-धीरे सामने आती हैं।

लोककथाओं से प्रेरित यह हॉरर ड्रामा वास्तविकता और परालौ-किकता के बीच की सीमाओं को धुंधला कर देता है। कास्ट और क्रिएटिव टीमः दमदार कलाकारों और विज़न का संगम

निर्देशकः भीमराव मुडे (राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता), निर्माताः शर्मिष्ठा राऊत, तेजस देसाई (एरिकॉन टेलीफिल्म्स), मुख्य अभिनेताः किशोर कदम (दो बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता),लेखनः प्रल्हाद कुडत-रकर (संवाद), कपिल भोपटकर (पटकथा)

अन्य कलाकारः शुभंकर तावड़े, रुतुजा बागवे,किशोर कदमः"चलता-फिरता वाडा हमारी कहानी को ज़िंदा करने का बेहद क्रिएटिव तरीका था। यह मुझे हमारी शूटिंग की रातों की रहस्यमय यादों में वापस ले गया। शुभंकर तावड़ेःउस डरावने वाडा को दर्शकों के साथ साझा करना रोमांचक था।

ऐसा लगा जैसे हम दोबारा 'अंधार माया' की दुनिया में लौट आए हों।

रुतुजा बागवेः"यह सीरीज़ भावनात्मक रूप से समृद्ध और भीतर तक डराने वाली है। प्रचार अभियान ने उस रहस्य और डर की भावना को बखूबी प्रस्तुत किया।

आज जानिए 'अंधार माया' का खौफनाक राज़ – केवल ज़ी5 पर, इस सीरीज़ को मराठी और हिंदी दोनों भाषाओं में एक साथ रिलीज़ किया जाएगा। अंधार माया' सिर्फ एक हॉरर सीरीज़ नहीं है – यह एक ऐसा अनुभव है जो आपके साथ फुसफुसाता है... और फिर हमेशा के लिए साथ रह जाता है।

## इस राशि की लड़कियां होती हैं शिल्पा शिंदे जैसी मुंहफट

शिल्पा शिंदे टीवी की उन अदाकाराओं में से एक हैं जो कि आए दिन किसी न किसी वजह से विवादों में बनी रहती हैं. शिल्पा शिंदे जब जब टीवी की दुनिया में कदम रखती हैं तब तब बवाल हो जाता है. बिग बॉस के घर में तो शिल्पा शिंदे ने अपने दुश्मन विकास गुप्ता का जीना ही हराम कर दिया था. बिग बॉस से पहले शिल्पा शिंदे ने सीरियल भाभी जी घर पर है को लेकर खूब सुर्खियां बटोरी थीं. बीते कई सालों से शिल्पा शिंदे का नाता विवादों से रहा है. क्या आपने कभी सोचा है कि शिल्पा शिंदे का व्यवहार ऐसा क्यों होता है. क्यों शिल्पा शिंदे बिना कुछ सोचे समझे कुछ भी बोल जाती हैं. इस राज का जवाब मिलता है एस्ट्रोलॉजी में शिल्पा शिंदे एक ऐसी राशि से नाता रखती हैं जो कि बहुत अनप्रडिक्टेबल है.शिल्पा शिंदे कब क्या कर जाएं ये शायद वो खुद भी नहीं जानतीं. बता दें कि शिल्पा शिंदे की राशि कन्या है.

# भारत दौरे पर ऑस्ट्रेलिया की महिला और ए टीम, शेड्यूल जारी



**नई दिल्ली.** बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे का शेड्यूल जारी कर दिया है. ऑस्ट्रेलिया का ये दौरा वहां की सीनियर मेंस क्रिकेट टीम का नहीं बल्कि महिला टीम और ए टीम का होगा. ऑस्ट्रेलिया की दो टीमों के अलावा साउथ अफ्रीका की ए टीम भी भारत दौरे पर आएगी. ऑस्ट्रेलिया की दोनों टीम सितंबर से अक्टूबर तक भारत दौरे पर रहेगी. जबकि साउथ अफ्रीका ए का भारत दौरा अक्टूबर-नवंबर में होगा.

**कब से कब तक ऑस्ट्रेलिया की टीम का भारत दौरा?**

तीनों ही टीमों के दौरे को मिलाकर कुल 13 मैचों का शेड्यूल बीसीसीआई की ओर से जारी किया गया है. ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम 14 से 20 सितंबर के बीच भारत के साथ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी. वहीं ऑस्ट्रेलिया ए टीम का दौरा 2 मल्टी डे मैच और 3 वनडे मुकाबले के लिए होगा. ये टीम 16 सितंबर से 5 अक्टूबर तक भारत दौरे पर रहेगी.

**20 दिन का होगा साउथ अफ्रीका का भारत दौरा**

ऑस्ट्रेलिया की दोनों टीमों के लौटने के बाद साउथ अफ्रीका की ए टीम भारत दौरे पर आएगी. उसका दौरा 30 अक्टूबर से शुरू होगा 19 नवंबर तक चलेगा. मतलब ये दौरा 20 दिन का होगा. इस दौरान 2 मल्टी डे मैच के अलावा 3 वनडे की सीरीज खेली जाएगी.

मुकाबलों की तारीख और वेन्यू की पूरी डिटेल

अब सवाल ये है कि सितंबर से लेकर नवंबर तक होने वाले इन मुकाबलों का वेन्यू कौन सा होगा? ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को भारत के खिलाफ अपने तीनों वनडे मैच चेन्नई में खेलने हैं. पहला मुकाबला 14 सितंबर को, दूसरा 17 सितंबर को जबकि तीसरा मैच 20 सितंबर को खेला जाएगा. ऑस्ट्रेलिया ए टीम को भारत दौरे के दौरान अपने मुकाबले लखनऊ और कानपुर में खेलने होंगे. पहले वो मल्टी डे मुकाबले खेलेंगे, जिसका पहला मैच 16 सितंबर से होगा. वहीं दूसरा मल्टी डे मैच 23 सितंबर से खेला जाएगा. ये दोनों मुकाबले लखनऊ में होंगे. कानपुर में ऑस्ट्रेलिया ए तीनों वनडे मुकाबले खेलेगी, जो कि 30 सितंबर, 3 अक्टूबर और 5 अक्टूबर को खेले जाएंगे. साउथ अफ्रीका की ए टीम भारत दौरे पर अपने मल्टी डे मैच बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेलेगी. जबकि उसके वनडे मुकाबले बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम पर होंगे. मल्टी डे मैच 30 अक्टूबर और 6 नवंबर से शुरू होंगे. वहीं 13 नवंबर, 16 नवंबर और 19 नवंबर को वनडे खेले जाएंगे.

# 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में मचाया धमाल

**नई दिल्ली.** वैभव सूर्यवंशी ने सबकी बोलती बंद कर दी. आप सोच रहे होंगे कैसे? 14 साल के लड़के ने आखिर ऐसा किया क्या? तो जनाब अब तक जो दिखा है वही तो वैभव ने किया है. आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट, सिर्फ 7 मैचों में ही 24 छक्के और 252 रन और इन सबसे बढ़कर मौका मिलते ही राजस्थान रॉयल्स के ओपनिंग स्लॉट में अपनी जगह पक्की कर लेना ये सब कोई मजाक थोड़े ना है. वैभव का ये दमदार खेल उनके लिए एक करारा जवाब है, जो कल तक बिहार क्रिकेट की बातें करते हुए हंसा करते थे.



**वैभव सूर्यवंशी के आने से बदल रहा बिहार क्रिकेट**

बिहार या वहां की क्रिकेट को लेकर लोगों की एक आम सी धारणा थी, और वो सही नहीं थी. ऐसे में जरूरत थी उसे बदलने की. बिहार के समस्तीपुर से आने वाले वैभव सूर्यवंशी उसी बदलाव की बयार बनकर सामने आए. वो वैभव ही हैं जिनके क्रिकेट में आगे निकलकर छाने के बाद ये माना जाने लगा कि बिहार क्रिकेट में भी बहार है.

**तनय तिवारी ने बताई उस कमरे की कहानी**


वैभव सूर्यवंशी ने आकर किस तरह से लोगों की सोच बदली है, उसका एक किस्सा स्टार स्पोर्ट्स के एंकर तनय तिवारी सुनाते हैं.

उन्होंने बताया कि वो उस कमरे में थे जिसमें बिहार की क्रिकेट को लेकर बातें हो रही थीं. और, बातचीत के दौरान देश की एक जानी-मानी हस्ती बिहार क्रिकेट पर हंस रहे थे. लेकिन, वैभव सूर्यवंशी के आने से बिहार क्रिकेट पर हंसने वाली, उसका मजाक उड़ाने वाली सोच अब बदल रही है. रणबीर अलाहाबादिया के यूट्यूब चैनल पर बातें करते हुए तनय तिवारी ने कहा कि 14 साल के वैभव सूर्यवंशी के आने से बिहार क्रिकेट को लेकर लोगों का नजरिया बदला है. उन्होंने लोगों की सोच को बदलने का काम किया है. अबल लोगों को लगने लगा है कि बिहार में भी क्रिकेट टैलेंट है.

**वैभव सूर्यवंशी कैसे ला रहे बदलाव, जानिए?**

बिहार में क्रिकेट के हालात की बात करें तो वो भी अब बदलते दिख रहे हैं. वहां अब कई टी20 लीग शुरू हो रही हैं, जिसमें नए-नए खिलाड़ियों को मौके मिल रहे हैं. और, ये एक बेहतर संकेत हैं. इन सबसे साफ पता चलता है कि वैभव सूर्यवंशी क्रिकेट जगत में सिर्फ अपनी धाक जमाने नहीं आए हैं बल्कि बिहार क्रिकेट की साख को भी चमकाने आए हैं.

# शुभमन गिल के दोस्त अभिषेक शर्मा ने किया बड़ा खुलासा



**नई दिल्ली.** कहते हैं एक दोस्त की हकीकत दूसरा दोस्त ही जानता है. खासकर वैसा दोस्त को बिल्कुल जो बचपन से ही साथ रहा हो, साथ खेला और कूदा हो. हम बात कर रहे हैं शुभमन गिल के एक ऐसे ही दोस्त की, जिन्होंने उन्हें लेकर जो कहा है, उसके बाद गौतम गंभीर को खुश होना चाहिए या नहीं, इसका फैसला आप खुद ही कीजिए. अब आप सोच रहे होंगे कि शुभमन गिल का वो दोस्त कौन है? तो वो हैं अभिषेक शर्मा, जो शुभमन गिल की ही तरह इंडिया खेलते हैं. हालांकि, अभी अभिषेक को रेड बॉल क्रिकेट में डेब्यू करना बाकी है.

शुभमन गिल और अभिषेक बचपन से ही साथ खेले, जिसका जिक्र भी उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में किया है. दोनों एक ही गुरु के चेले भी हैं, जिनका नाम युवराज सिंह है. अब ऐसे में शुभमन गिल को अभिषेक शर्मा से बेहतर भला कौन समझ सकता है. लिहाजा, जब उनसे शुभमन गिल को टीम इंडिया को टेस्ट कप्तानी दिए जाने पर पूछा गया, तो उन्होंने भी अपनी बात बेबाकी से रखी. अभिषेक शर्मा ने कहा कि गिल का टेस्ट कप्तान बनना बड़ी बात है. मुझे उसके कप्तान बनाए जाने पर गर्व है. हमने साथ-साथ क्रिकेट खेला, साथ-साथ सपने देखे जो अब पूरे हो रहे हैं. उन्होंने आगे कहा कि गिल तीनों फॉर्मेट का एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं. टीम इंडिया की कमान सही हाथों में हैं. मुझे लगता है कि वो कप्तानी की जिम्मेदारी को अच्छे से निभाएगा.

**अभिषेक के बयान के बाद खुश होंगे गौतम गंभीर**

अभिषेक शर्मा की बातों से साफ है कि गिल पर उन्हें भी पूरा भरोसा है. उनके इस भरोसे से भरी बातों को सुनने के बाद अब गौतम गंभीर को भी खुश होना चाहिए कि उन्होंने एक दमदार फैसला लिया. एक ऐसा फैसला, जो भारतीय क्रिकेट को आने वाले समय नें दूर तलक ले जाएगा. भारत का इंग्लैंड दौरा शुभमन गिल की टेस्ट कप्तानी का पहला बड़ा इम्तिहान होगा, जिसकी शुरुआत 20 जून से होने जा रही है.

# पाकिस्तान की जीत में चमके भारत के दामाद हसन अली

**लाहौर.** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज का आगाज हो चुका है. इसी सीरीज का पहला मैच 28 मई को लाहौर में खेला गया, जिसमें पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 37 रन से हरा दिया. पाकिस्तान की इस जीत में भारत के दामाद यानी हसन अली ने अपने करियर का बेस्ट प्रदर्शन किया. उन्होंने 5 विकेट झटके. आम तौर पर एक मैच में इतना तगड़ा परफॉर्मेन्स देने वाला खिलाड़ी ही प्लेयर ऑफ द मैच बनता है. मगर, अपना बेस्ट देने के बाद भी भारतीय दामाद को प्लेयर ऑफ द मैच नहीं दिया गया. सवाल है क्यों? हसन अली को हम भारत का दामाद इसलिए कह रहे हैं क्योंकि उन्होंने 2019 में हरियाणा के नूह जिले में रहने वाली सामिया के साथ शादी की थी.

**पाकिस्तान ने 20 ओवर में बनाए 201 रन**

अब सवाल है कि उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच क्यों नहीं मिला तो इस सवाल के जवाब पर हम आएं, उससे पहले जरा मैच का हाल जान लीजिए. लाहौर में खेले पहले टी20 में पाकिस्तान ने पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 7 विकेट पर 201 रन बनाए. टीम के कप्तान सलमान आगा ने सबसे ज्यादा 56 रन बनाए. उनके अलावा हसन नवाज ने 22 गेंदों पर 44 रन जबकि उप-कप्तान शादाब खान ने 25 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली. बांग्लादेश की गेंदबाजी की बात करें तो उसने 6 गेंदबाज मैच में आजमाए और सभी ने 1-1 विकेट तो लिए ही.

**164 रन पर सिमटा बांग्लादेश**

अब बांग्लादेश के सामने 202 रन का लक्ष्य था. जिस तरह से वो यूएई से टी20 सीरीज हारकर पाकिस्तान पहुंचे थे, उसे देखते हुए तो उनके लिए 202 रन के लक्ष्य को भेदना मुश्किल था ही. मैदान पर उतरने के बाद पाकिस्तान की टीम से



खेल रहे भारत के दामाद हसन अली ने उनकी हालत और पतली कर दी. उन्होंने पावरप्ले से लेकर डेथ ओवर्स तक उनकी हालत खराब किए रखी. नतीजा ये हुआ कि बांग्लादेश 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल सका और सिर्फ 164 रन पर ऑल आउट हो गया.

**पावरप्ले से डेथ ओवर्स तक... हसन अली ने पैदा की मुश्किल**

हसन अली ने पावरप्ले यानी बांग्लादेश की इनिंग के पहले 6 ओवरों के खेल में 2 विकेट अपने नाम किए. फिर उसके बाद डेथ ओवर्स में आकर बची-खुची कसर भी निकाल दी. उन्होंने अंतिम के 4 ओवरों यानी डेथ ओवर्स में 3 और विकेट लिए. इस तरह अपने 4 ओवर के कोटे के पूरे होने से पहले ही हसन अली ने बांग्लादेश के 5 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया.

**हसन अली ने झटके 5 विकेट, करियर का बेस्ट प्रदर्शन**

हसन अली ने 3.2 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 30 रन देते हुए उन्होंने 5 विकेट झटके. ये उनके टी20 इंटरनेशनल करियर का बेस्ट प्रदर्शन है. दरअसल, ये पहली ही बार है जब हसन अली ने अपने टी20 करियर में 5 विकेट झटके हैं.

**हसन अली को पीएओटीएम ना मिलकर शादाब खान को क्यों मिला?**

अब एक तो हसन अली ने अपने करियर का बेस्ट प्रदर्शन किया. ऊपर से उसके दम पर पाकिस्तान की टीम जीत भी गई.

बावजूद इसके बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 में प्लेयर ऑफ द मैच उन्हें नहीं बल्कि शादाब खान को चुना गया. एक गेंदबाज के लिए उसके 5 विकेट बल्लेबाज के जमाए शतक के बराबर होते हैं. हसन अली इतने बड़े परफॉर्मेन्स के बाद भी प्लेयर ऑफ द मैच नहीं जीत सके क्योंकि मैच ऑफिशिएल्स को उनसे ज्यादा शादाब खान का ऑलराउंड प्रदर्शन दमदार लगा .शादाब खान ने पहले टी20 में 25 गेंदों पर 48 रन बनाने के अलावा गेंद से 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए.

# जीटी बनाम एमआई मुकाबला आज न्यू चंडीगढ़ में

**नई दिल्ली.** आईपीएल 2025 का एलिमिनेट मुकाबला (आईपीएल 2025 एलिमिनेटर जीटी बनाम एमआई) 30 मई को न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्टेडियम में शाम 7:30 बजे खेला जाएगा। इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। मुंबई लीग स्टेज के बाद अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही थी तो गुजरात टाइटंस ने तीसरा स्थान हासिल किया था। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम क्वालीफायर 2 में पहुंच जाएगी, जहां उनका मुकाबला क्वालीफायर 1 हारने वाली टीम से होगा। एलिमिनेटर हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। इस मुकाबले की हार और जीत जिस पिच पर होगी, चलिए जानतें हैं किसको यहां मदद मिलने वाली है और किसकी मुश्किलें बढ़ेंगी।




**मुल्लांपुर की पिच रिपोर्ट :** गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस की टीम 30 मई को मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में क्वालीफायर 2 का टिकट हासिल करने उतरेंगी। इस मैदान की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है। बल्लेबाजों के सामने गेंद अच्छी उछाल के साथ आती है, जिससे बल्लेबाजों को बड़े शॉट लगाने का मौका आसानी से मिल जाता है। मौजूदा सीजन में पहले ही कई बड़े स्कोर यहां बन चुके हैं। इस ग्राउंड पर स्कोर 200 से अधिक का होने की पूरी उम्मीद है। यहां पहली पारी के मुकाबले दूसरी पारी में गेंदबाजों को अधिक मदद मिलने की उम्मीद है। स्पिनर्स से ज्यादा तेज गेंदबाज को मदद मिल सकती है। देखा जाएगा तो बैटिंग फ्रेंडली पिच पर गेंदबाजों को मशक्कत करनी पड़ सकती है। दोनों टीमों में कई तूफानी बल्लेबाज हैं, जिनको बाउंसी पिच रास आती है। मुंबई इंडियंस की बात करें तो रोहित शर्मा सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या बल्ले से धूम मचा सकते हैं। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी साई सुदर्शन और शुभमन गिल पर टिकी है। ये चल गए तो किसी भी स्कोर को हासिल कर सकते हैं लेकिन अगर इन 2 में कोई 1 भी फ्लॉप हो गया तो टाइटंस की नाव डूब सकती है। दोनों टीमों की फॉर्म देखें तो बल्लेबाजी में गुजरात लगातार लय में है इसलिए थोड़ा आगे नजर आ रही लेकिन गेंदबाजी की मामले में वे पिछड़ जाते हैं क्योंकि सपाट पिचों पर मोहम्मद सिराज की बुरी तरह पिट सकते हैं। हालांकि दूसरी ओर जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट के साथ हार्दिक पंड्या जैसे सीनियर और अनुभवी तेज गेंदबाज कहीं न कहीं मुंबई को एडवांटेज दिलाते हैं।

# अब बेसा से भी उभरेंगे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी



**अरुंधती-अरुण बैडमिंटन प्रशिक्षण अकादमी 1 जून से शुरू**

**नागपुर.** अब तक पश्चिम नागपुर में ही बैडमिंटन की अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध थीं, लेकिन अब पूर्व नागपुर के बेसा क्षेत्र में भी विश्वस्तरीय बैडमिंटन सुविधाएं तैयार हो गई हैं। अरुंधती-पानतावणे और उनके पति अरुण विष्णू द्वारा स्थापित अरुंधती-अरुण बैडमिंटन अकादमी का औपचारिक प्रशिक्षण 1 जून से शुरू होगा। इससे बेसा क्षेत्र से भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। नागपुर की अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी अरुंधती पानतावणे ने गुरुवार को पत्रकार परिषद में बताया कि विदर्भ और नागपुर में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं,

जिन्हें उच्च गुणवत्ता वाली अकादमी की जरूरत थी। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने यह अकादमी शुरू की है। यहां आधुनिक प्रशिक्षण के साथ-साथ खिलाड़ियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और शारीरिक व मानसिक फिटनेस पर भी खास ध्यान दिया जाएगा। अरुंधती ने कहा, "सिर्फ नागपुर के खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि विदर्भ, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे आसपास के राज्यों के खिलाड़ी भी इस अकादमी का फायदा उठा पाएंगे।" उन्होंने अकादमी के लिए सहयोग देने वाले 'ऑल इंग्लैंड चैंपियन' पी. गोपीचंद, निर्मल स्पोर्ट्स अकादमी और नायसे परिवार का धन्यवाद भी किया। अरुण विष्णू ने अकादमी की खासियत बताते हुए अधिक से अधिक युवा खिलाड़ियों से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया।

इस मौके पर सचिन नायसे ने भी इस अकादमी के माध्यम से नागपुर के युवा खिलाड़ियों की जरूरतों को पूरा करने में योगदान देने पर खुशी व्यक्त की। अकादमी में पांच अंतरराष्ट्रीय स्तर के योनेक्स कोर्ट, जिम्नैजियम, चेंजिंग रूम, 600 दर्शकों के बैठने की क्षमता वाली प्रेक्षक गैलरी, स्पोर्ट्स शॉप और पर्याप्त पार्किंग की सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रशिक्षण देने वाले कोचों में अरुंधती और अरुण के अलावा आंध्र प्रदेश के रित्त्विक किरण, यवतमाल के तन्मय गावडे, छत्तीसगढ़ के अतुल कमराकर, अक्षया वरंग और स्पोर्ट्स साइकॉलॉजिस्ट संस्कृती छाबरा शामिल हैं।

# पाकिस्तान के क्रिकेटर मोहिंदर कुमार का दर्दनाक संघर्ष

**लाहौर.** देश के लिए क्रिकेट खेलने का सपना तो हर क्रिकेटर देखता है। लेकिन कुछ चुनिंदा खिलाड़ी ही होते हैं, जिनका ये सपना पूरा हो पाता है। एक ऐसे ही क्रिकेटर हैं, पाकिस्तान के मोहिंदर कुमार। पाकिस्तान के लिए घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले इस तेज गेंदबाज को राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिल सकी। इसके पीछे की वजह थी टीम में पहले से ही वसीम अकरम, इमरान खान, वकार युनिस जैसे दिग्गजों की मौजूदगी। हालांकि इसके पीछे की एक वजह उनका हिंदू होना भी हो सकता है। लेकिन, अब खबर आ रही है कि मोहिंदर कुमार के दोनों पैर काटने पड़े हैं, जिसके पीछे की वजह भी काफी दर्दनाक है।

**इस वजह से काटने पड़े पैर**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान के लिए डोमेस्टिक क्रिकेट



खेल चुके पूर्व खिलाड़ी और कोच मोहिंदर कुमार के दोनों पैर काट दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि डायबिटीज के मरीज हैं। उनके दोनों पैरों में बुरी तरह से इन्फेक्शन हो गया था, जिससे उनका जीवन भी खतरे में पड़ गया था। डॉक्टर्स के पास उनके पैर काटने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं था। इसलिए उनके दोनों पैर काटने पड़े हैं। इस घटना ने सभी को झकझोर दिया है।

**दानिश कनेरिया, मोहम्मद सामी और तनवीर अहमद को दी ट्रेनिंग**

पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहिंदर कुमार ने घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी छाप छोड़ी, लेकिन कभी राष्ट्रीय टीम में मौका नहीं मिल सका। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी वह क्रिकेट से जुड़े रहे और युवा क्रिकेटर्स की प्रतिभा को निखारते रहे। उन्होंने कई बड़े क्रिकेटर्स को भी ट्रेनिंग दी है, जिनमें दानिश कनेरिया, मोहम्मद सामी, तनवीर अहमद और सोहैल खान जैसे बड़े नाम शामिल हैं।


**मोहिंदर कुमार का क्रिकेट करियर**

1976 से 1994 तक मोहिंदर कुमार ने पाकिस्तान के लिए खूब घरेलू क्रिकेट खेला।

उन्होंने 65 प्रथम श्रेणी मैचों में बतौर तेज गेंदबाज 187 विकेट लिए, जिसमें उन्होंने 10 बार 5 या इससे ज्यादा विकेट लिए तो 4 बार 10 विकेट भी हासिल किए। इसके अलावा उन्होंने 53 लिस्ट ए मैच भी खेले, जिनमें उन्होंने 64 विकेट अपने नाम किए।

# फाइनल की रेस से बाहर नहीं हुई पंजाब किंग्स

**नई दिल्ली.** लीग स्टेज में नंबर-1 पर रहने वाली पंजाब किंग्स क्वालीफायर-1 में बुरी तरह हार गई है. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराया. आरसीबी अब फाइनल में प्रवेश कर गई है. पर आपको बता दें कि पंजाब किंग्स अभी फाइनल की रेस से बाहर नहीं हुई है. इस बार के बाद भी पंजाब के पास फाइनल में जाने का मौका है. दिलचस्प बात यह है कि आईपीएल 2025 का फाइनल भी पंजाब किंग्स और आरसीबी के बीच हो सकता है.



क्वालीफायर-1 में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को आसानी से हरा दिया. मैच में पंजाब ने सिर्फ 101 रन बनाए थे. जवाब में आरसीबी ने 10 ओवर शेष रहते मैच जीत लिया. बेंगलुरु के लिए गेंदबाजी में सुयष शर्मा और जोश हेजलवुड ने 3-3 विकेट लेकर करिश्मा किया और बल्लेबाजी में फिल साल्ट हीरो रहे. साल्ट 27 गेंद में 56 रन बनाकर नाबाद लौटे.

पंजाब किंग्स को चाहे पहले क्वालीफायर मैच में 8 विकेट से हार मिली हो, लेकिन वह आईपीएल 2025 से बाहर नहीं हुई है. पंजाब को पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 में फिनिश करने का फायदा मिलेगा. अब पंजाब किंग्स का सामना दूसरे क्वालीफायर मैच में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर मैच के विजेता से होगा. अगर पंजाब की टीम दूसरा क्वालीफायर मुकाबला जीत लेगी तो फाइनल में प्रवेश कर जाएगी.

# प्रकृति के साथ प्रगति' का प्रतीक बना सिक्किम

## > पीएम मोदी ने जताया गर्व

**गंगटोक.**



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सिक्किम के राज्य बनने के 50 साल पूरे होने पर वहां की जनता को संबोधित किया है। पीएम मोदी पहले सिक्किम जाने वाले थे लेकिन खराब मौसम की वजह से अंतिम समय में उनकी यात्रा रद्द हो गई।

पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिक्किम की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज का ये दिन बीते 50 वर्षों की अचीवमेंट्स को सेलिब्रेट करने का है।

आपने इतना बढ़िया कार्यक्रम आयोजित किया है। खुद मुख्यमंत्री जी इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए काफी ऊर्जा के साथ लगे रहे। मैं आप सभी को सिक्किम राज्य के 50 वर्ष होने की बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने कहा- "50 वर्ष पहले सिक्किम ने अपने लिए एक लोकतांत्रिक भविष्य तय किया था। सिक्किम के लोगों का जनमन जियोग्राफी के साथ ही भारत की आत्मा से जुड़ने का भी था। एक भरोसा था जब सबकी आवाज सुनी जाएगी, सबके हक सुरक्षित होंगे, तो विकास के एक जैसे मौके मिलेंगे। आज मैं कह सकता हूं कि सिक्किम के एक-एक परिवार का भरोसा लगातार मजबूत हुआ है।

देश ने इसके परिणाम सिक्किम की प्रगति के रूप में देखे हैं। सिक्किम आज देश का गर्व है।"

पीएम मोदी ने कहा- "50 वर्षों में सिक्किम प्रकृति के साथ प्रगति का मॉडल बना। बायोडायवर्सिटी का बहुत बड़ा बागीचा बना। शत-प्रतिशत ऑर्गेनिक स्टेट बना। कल्चर और हेरिटेज की समृद्धि का प्रतीक बनकर सामने आया।आज के इस कार्यक्रम में भी सिक्किम की फ्यूचर जर्नी की झलक मिलती है।

आज यहां सिक्किम के विकास से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। मैं आप सभी को इसके लिए बहुत बहुत बधाई देता हूं।"

**सिक्किम की धरोहर पर पूरी दुनिया को गर्व- पीएम मोदी**

पीएम मोदी ने कहा- "सिक्किम में प्रकृति भी है, अध्यात्म भी है, झीलें हैं, झरने हैं और शांति की छाया में बसे बौद्ध मठ भी हैं। कंचनजंगा नेशनल पार्क, यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट भी है। सिक्किम की धरोहर पर सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को गर्व है। आज जब यहां नया स्क्वाल्क बन रहा है, स्वर्ण जयंती प्रोजेक्ट का लोकार्पण हो रहा है, अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। ये सभी प्रोजेक्ट सिक्किम की नई उड़ान के प्रतीक हैं।

# जकार्ता में पाकिस्तान को बेनकाब कर रहे टीएमसी सांसद

**नई दिल्ली.**



तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी ने आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अगर आतंकवाद एक पागल कुत्ता है, तो पाकिस्तान उसका दुष्ट रक्षक है। बनर्जी 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए कई देशों के दौरे पर भेजे गए सर्वदलीय डेलिगेशन में शामिल हैं।

जकार्ता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं को अस्थिर करने के लिए आतंकवादियों का समर्थन और पोषण करने के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया। उन्होंने 9/11 हमलों, 26/11 मुंबई हमलों और 2006 बॉम्बे ट्रेन बम विस्फोटों में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों की संलिप्तता का उल्लेख किया और कहा कि यदि आतंकवाद एक पागल कुत्ता है, तो पाकिस्तान इसका दुष्ट संचालक है। बनर्जी ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने से पहले दो हफ्ते तक इंतजार किया ताकि यह देखा जा सके कि पाकिस्तान आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा या नहीं। उन्होंने यह भी याद किया कि कैसे भारत ने पठानकोट आतंकी हमले की जांच के लिए पाकिस्तानी अधिकारियों को पठानकोट में भारतीय वायुसेना के अड्डे का दौरा करने की अनुमति दी थी। उन्होंने कहा कि वे (पाकिस्तान) लोग हैं जो बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं को अस्थिर करने के लिए अपने पिछवाड़े में आतंकवादियों को पालते रहे हैं। आप सभी इस तथ्य से परिचित हैं कि भारत जापान से आगे निकल गया है और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

# सीरिया में 12 साल बाद अमेरिका ने फिर खोला अपना दूतावास

**दमिश्क.**

सीरिया की राजधानी दमिश्क में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण राजनयिक संकेत देखने को मिला, जब वर्षों से बंद पड़े अमेरिकी राजदूत के आवास पर एक बार फिर अमेरिकी ध्वज फहराया गया। यह घटना अमेरिका और सीरिया की नई सरकार के बीच सुधरते रिश्तों की ओर इशारा करती है। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, अब तक तुर्की में अमेरिकी राजदूत और अब सीरिया के लिए विशेष दूत बनाए गए टॉम बैरक ने इस दूतावास का औपचारिक उद्घाटन किया।

गौरतलब है कि अमेरिका ने 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बाद दमिश्क स्थित अपना दूतावास बंद कर दिया था। इसके बाद आतंकी गतिविधियों के चलते सीरिया और मौजूदा कार्यवाहक राष्ट्रपति अल-शरा पर कई तरह का प्रतिबंध लगा दिया था। मगर हालिया घटनाएं दोनों देशों के संबंधों में धीरे-धीरे आ रहे बदलाव को दर्शा रही हैं। वाशिंगटन शुरुआत में सीरिया के नए नेतृत्व को लेकर सतर्क था। वर्तमान सरकार का नेतृत्व अहमद अल-शरा कर रहे हैं, जो पहले एक इस्लामी विद्रोही समूह के नेता थे, जिसे अमेरिका अब भी एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करता है।

# प्रेमिका से परेशान युवक ने दी जान

**लखनऊ.**



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। आरोप है कि प्रेमिका और उसके दो बॉयफ्रेंड उसे ब्लैकमेल कर रहे थे। आत्महत्या से पहले युवक ने वीडियो बनाई और सुसाइड नोट भी लिखा। पुलिस जांच में जुटी है। मामला लोनी कोतवाली के बंथला इलाके में मंगलवार रात का है जहां एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने आत्महत्या से पहले वीडियो बनाई है। युवक ने सुसाइड नोट को अपने परिजनों को भेजा है। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

मृतक पवन कुमार (28) बंथला इलाके में परिवार के साथ रहता था। वह ढलाई का काम करता था। मंगलवार रात उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में उसने आत्महत्या करने की बात कही है। प्रेमिका और उसके दो साथियों पर उसने ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। ब्लैकमेल के चलते ही युवक ने आत्महत्या करने की बात कही है। वीडियो वायरल होने के बाद परिवार के लोग जब कमरे में पहुंचे तो पवन का शव फंदे से लटका हुआ मिला।

पवन ने तीन पन्नों का सुसाइड नोट भी लिखा है। पवन के परिजनों ने बताया कि युवती और उसके दो साथी सभी दिल्ली के रहने वाले हैं। आरोपियों ने पवन से नगदी और कुछ जेवरात भी ले लिए हैं। तीन पेज के सुसाइड नोट में पवन ने लिखा- बस मैं क्या ही कहूं। मैं अपने अंगूठे का निशान पेपर पर लगा रहा हूं। निवेदन यह है कि लड़कियां बहुत बचा ली अब सब अपने बेटों को संभाल लो। मैं उस लड़की को बहुत प्यार करता था। लेकिन अब उसका दूसरा बॉय फ्रेंड मुझे ब्लैकमेल कर रहा है। उसको सजा मिलनी चाहिए। मुझे इंसाफ दिला देना साहब। आज मैं हार गया हूं।

इसलिए मुझे ऐसा कदम उठाना पड़ रहा है। बस सरफराज को (बीएनएस का सेक्शन 108) सजा दिला देना। ये सेक्शन बोलता है कि 10 साल की सजा और मिलनी चाहिए। रानी आंटी से भी पूछना चाहिए। सब लोगों के कहने पर मुझे ब्लैकमेल कर रही है। अनामिका मुझे पता है जिस तरह की धमकियां मुझे मिल रही है।"

# मैंने अपने बेटे को केंद्रीय मंत्री बनाकर गलती की

## >रामदास ने अपने बयान से सभी को चौंका दिया

**चेन्नई.**

तमिलनाडु की पट्टाली मक्कल काची पार्टी में पिछले कुछ समय से उथल-पुथल चल रही है। इस बीच गुरुवार को पीएमके के संस्थापक डॉ. एस. रामदास ने यह दावा करके सभी को चौंका दिया कि उन्होंने अपने सिद्धांतों के खिलाफ जाकर अपने बेटे डॉ. अंबुमणि रामदास को केंद्रीय मंत्री बनने में मदद करके एक गलती की। एस. रामदास ने हाल में घोषणा की थी कि वह अपने 56 वर्षीय बेटे को पार्टी के अध्यक्ष पद से हटा रहे हैं और ''वह इसके स्थान पर कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहेंगे।'' उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि वह पीएमके के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में पार्टी का पूरा नियंत्रण अपने हाथ में ले रहे हैं। रामदास ने यह भी दावा किया था कि अंबुमणि ने पार्टी के विकास में बाधा डाली। यहां के निकट थाइलपुरम स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए 85 वर्षीय नेता ने कहा, ''मैंने अपने बेटे अंबुमणि को 35 साल की उम्र में केंद्रीय मंत्री बनाकर गलती की। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए मजबूर किया।'' उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो वह पार्टी की आम परिषद की बैठक बुलाएंगे और अंबुमणि को पार्टी पद से हटा देंगे। अंबुमणि 2004 से 2009 तक मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री थे।

बता दें कि पिछले साल दिसंबर में डॉ. एस रामदास और उनके बेटे अंबुमणि रामदास के बीच मंच पर ही विवाद देखने को मिला था। तमिलनाडु के विझिपुरम में पार्टी की जनरल काउंसिल की बैठक में पिता-पुत्र के बीच मतभेद सार्वजनिक रूप से देखने को मिला था।

दरअसल यह विवाद तब शुरू हुआ जब रामदास ने पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष पद के लिए अपने पोते पी. मुकुंदन के नाम की घोषणा की, तो अंबुमणि ने इस पर आपत्ति जताते हुए मंच से कहा कि वह चार महीने पहले ही पार्टी में शामिल हुए हैं। इसके जवाब में रामदास ने कहा कि उन्होंने ही वन्नियार संगम और पार्टी की शुरुआत की थी और जो लोग पीएमके में बने रहने में रुचि नहीं रखते हैं वे पार्टी छोड़ने के लिए स्वतंत्र हैं।

# आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की याचिका पर सुनवाई पूरी

**नई दिल्ली.**



दिल्ली हाईकोर्ट में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की लैंड फॉर जॉब घोटाला मामला में गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गई है. हाईकोर्ट ने लालू यादव की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है. पूर्व रेल मंत्री लालू यादव ने नौकरी के बदले जमीन मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज एफआईआर और चार्जशीट को रद्द करने की मांग की है. लालू प्रसाद यादव ने कथित भूमि-के-लिए-नौकरी भ्रष्टाचार मामले में दर्ज चार्जशीट को रद्द करने की मांग करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया. सुनवाई के दौरान लालू प्रसाद की ओर से सीनियर वकील कपिल सिब्बल पेश हुए. उन्होंने तर्क दिया कि सीबीआई ने उनके खिलाफ आवश्यक मंजूरी लिये बिना अपनी जांच जारी रखी. उन्होंने कोर्ट को बताया कि जबकि अन्य आरोपियों के लिए अनुमति ली गई थी.

लालू प्रसाद यादव के वकील ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, बिना पूर्व अनुमति के जांच शुरू नहीं की जा सकती, जो एक अनिवार्य शर्त है. वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी है कि 2004 से 2009 के बीच कोई एफआईआर नहीं दर्ज की गई. इस मामले में क्लोज़र रिपोर्ट दाखिल होने के बाद 2020 में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज किया, यह एक तरह से प्रताड़ित करना है.

वहीं,सीबीआई की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि लालू यादव ने एक लोक सेवक के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया. इसलिए पीसी एक्ट की धारा 19 को लागू करना आवश्यक है. उन्होंने कहा, मंत्री के करीबियों ने सरकारी कर्मचारियों को ये चयन करने के लिए कहा था. नौकरियां दी गईं, जमीन ली गई. उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया है इसलिए पीसी एक्ट की धारा 19 को लागू करना जरूरी था.'

# सीजफायर पर अमेरिकी दावे को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली.**



भारत ने गुरुवार को अमेरिका के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस महीने हुए संघर्षविराम में अमेरिका की टैरिफ नीति की अहम भूमिका रही. अमेरिकी प्रशासन ने न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत में दावा किया था कि डोनाल्ड ट्रंप सरकार द्वारा टैरिफ की धमकी ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को कम करने में मदद की और यही संघर्ष विराम का आधार बना. भारत ने इस दावे को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि टैरिफ का मुद्दा कभी भी चर्चा का हिस्सा नहीं रहा. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि इस विशेष मुद्दे पर भारत का रुख पूरी तरह स्पष्ट है. 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा तक, भारत और अमेरिका के बीच कई दौर की बातचीत हुई, लेकिन कभी भी टैरिफ का कोई जिक्र नहीं हुआ.

# देश में बढ़े कोरोना के मामले

**नई दिल्ली.**

भारत में कोरोना वायरस के मामलों में एक बार फिर बढ़ोतरी देखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में सक्रिय मामलों की संख्या 1200 से अधिक हो गई है। केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली जैसे राज्यों में मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। राज्यों को निगरानी और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में कोविड-19 आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। पहले यहां चार मरीज भर्ती थे, जिनमें से दो की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद अब केवल दो मरीज ही भर्ती हैं। दोनों मरीजों की स्थिति स्थिर बनी हुई है और वे अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। उन्हें चार दिन पहले सांस लेने में तकलीफ और तेज बुखार के कारण भर्ती कराया गया था। पीपीई किट पहनकर मरीज के परिजन से बातचीत के दौरान अनुज द्विवेदी ने बताया, "मेरी मां की हालत स्थिर है, लेकिन अब भी कोविड पॉजिटिव हैं।" अनुज की मां चार दिन पहले आरएमएल अस्पताल में भर्ती हुई थीं। उन्हें पहले किडनी में इन्फेक्शन था, फिर अचानक सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

# दक्षिण कोरियाई नौसेना का गश्ती विमान हुआ क्रैश

**सियोल.**



दक्षिण कोरियाई नौसेना का एक विमान बृहस्पतिवार को एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में चार लोग सवार थे, लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि दुर्घटना में कोई हताहत हुआ है या नहीं। नौसना ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी है। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक दुर्घटनास्थल के पास दमकलकर्मियों और कम से कम एक पानी के ट्रक को काम करते हुए देखा गया है। हादसे के बाद मौके से आग की लपटें उठ रही थीं।

नौसेना ने एक बयान में कहा कि यह गश्ती विमान दक्षिण-पूर्वी शहर पोहांग स्थित अपने बेस से दोपहर एक बजकर 43 मिनट पर रवाना हुआ था, लेकिन अज्ञात कारण से यह जमीन पर गिर गया। बयान में कहा गया है कि नौसेना विमान में सवार चारों लोगों की स्थिति और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

पोहांग स्थित एक आपातकालीन कार्यालय ने बताया कि स्थानीय निवासियों से एक उड़ती हुई वस्तु के गिरने और धमाके की आवाज की सूचना मिलने के बाद मौके पर बचावकर्मियों और दमकल गाड़ियों को भेजा गया था। पोहांग के नामबू पुलिस थाने ने पुष्टि की कि नौसेना का एक गश्ती विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, लेकिन यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि इसमें किसी की मौत हुई है या कोई घायल हुआ है।

बता दें कि इससे पहले दिसंबर में, दक्षिण कोरिया के मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जेजू एयर का एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

इस हादसे में विमान सवार 181 लोगों में से 2 को छोड़कर सभी की मौत हो गई थी। यह दक्षिण कोरिया के विमानन इतिहास की सबसे भीषण आपदाओं में से एक थी।

# राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं

## > राजस्थान से आईएसआई एजेंट शकूर खान गिरफ्तार

**जयपुर.**




ऑपरेशन सिंदूर के तहत सुरक्षा एजेंसियों ने देश में सर्च ऑपरेशन तेज किया है. इसी कड़ी में राजस्थान के जैसलमेर में एक जासूस पकड़ा गया, जिसका नाम शकूर खान है. वो राजस्थान के एक सरकारी विभाग में कर्मचारी है.

इस मामले ने पूरे देश को हैरान कर दिया है. शकूर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेस इंटेलिजेंस (आईएसआई) को गोपनीय जानकारी देने का आरोप है. चौंकाने वाली बात यह है कि वह पूर्व कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद का निजी सहायक भी रह चुका है.इस मामले को जेडीयू (जनता दल 'यूनाइटेड') के नेता केसी त्यागी ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया. उन्होंने कहा, 'एक कैबिनेट मंत्री का सहायक आईएसआई को जानकारी दे रहा था, यह बेहद शर्मनाक है. ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए'.

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की खुफिया एजेंसियां उन लोगों पर नजर रख रही हैं, जो देश में रहकर आईएसआई के लिए जासूसी कर रहे हैं. इसी अभियान के तहत शकूर खान को 28 मई 2025 को पकड़ा गया था. वह जैसलमेर के रोजगार विभाग में तैनात था.

सूत्र बताते हैं कि शकूर कई सालों से आईएसआई के संपर्क में था और भारत की महत्वपूर्ण जानकारी शेयर कर रहा था. उसका फोन और बैंक खाते अब जांच के दायरे में हैं. उसे पूछताछ के लिए जयपुर ले जाया गया

**पहले भी हो चुकी हैं गिरफ्तारियां**

यह कोई पहला मामला नहीं है. मई 2025 में जैसलमेर से ही पठान खान नामक व्यक्ति को आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ा गया था. एडीजी इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल के अनुसार, पठान खान भारत-पाक सीमा की संवेदनशील जानकारी आईएसआई को भेजता था. इसके अलावा, हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत गिरफ्तार किया गया था. हाल ही में गुजरात के कच्छ से सहदेव सिंह गोहिल को पकड़ा गया, जो बीएसएफ और नेवी की तस्वीरें और वीडियो आईएसआई को भेज रहा था.